हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 3 मई 2024

[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

# बदला रेलवे का नियम : पेपरलेस टिकट को बढ़ावा देने एप से 20 किमी तक टिकट बुकिंग का नियम खत्म, अब कहीं से भी आप खरीद सकेंगे ई-टिकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रोजाना ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को अब ई-टिकट खरीदने के लिए स्टेशन में 20 किमी दूर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। रेलवे ने अब अनारक्षित ई-टिकट खरीदने के नियमों में बदलाव किया है। रेलवे ने तत्काल प्रभाव से जियो फेसिंग लिमिट को खत्म कर दिया है। मतलब अब यात्रियों को टिकट बुकिंग करते समय प्लेटफॉर्म से दूर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वे कहीं भी अनारक्षित कोच के लिए टिकट और प्लेटफॉर्म टिकट बुक कर पाएंगे।


बता दें कि कई यात्री यूटीएस एप के जरिये ई-टिकट खरीदते हैं, लेकिन पुराने नियम के अनुसार 20 किलोमीटर की दूरी तक ही एप के जरिये यात्री टिकट बुक कर पाते थे। स्टेशन पहुंचने पर फोन से ई-टिकट खरीदने की सुविधा नहीं मिलती थी। इस वजह से स्टेशन में टिकट खरीदने लंबी लाइन में लगना पड़ता था।

**जियो फेसिंग लिमिट खत्म :** दपूमरे सीपीआरओ विकास कश्यप ने बताया कि रेलवे बोर्ड ने जियो फेसिंग लिमिट को खत्म कर दिया है। अनारक्षित कोच से सफर करने वाले यात्री कहीं से भी अनारक्षित टिकट यूटीएस ऑन मोबाइल एप के माध्यम से बुक कर सकते हैं। जोन के हजारों यात्रियों को इसका लाभ होगा।

## अब अपने फोन से स्टेशन में खड़े होकर ही अनारक्षित टिकट बुक कर सकेंगे यात्री

### प्लेटफॉर्म टिकट में भी मिलेगी राहत

यूटीएस ऑन मोबाइल एप से ई-टिकट बुकिंग के लिए आउटर सर्किल दूरी की बाध्यता को समाप्त किए जाने के साथ प्लेटफॉर्म टिकट के लिए 5 किमी सीमा को खत्म कर दिया गया है। लोग स्टेशन की सीमा के 5 किलोमीटर बाहर भी जनरल टिकट और प्लेटफॉर्म टिकट एप के जरिये बुक कर पाएंगे। ट्रेन टिकट के लिए अब यात्री 20 किमी की सीमा के भीतर टिकट बुकिंग कर सकते हैं। रेलवे ने यह कदम पेपरलेस टिकट को बढ़ावा देने के लिए उठाया है, इसीलिए एप के फीचर्स में बदलाव किया गया है।




### रोजाना 10 हजार ई-टिकट

लोकल व एक्सप्रेस ट्रेनों में सफर करने के लिए यात्री ऑनलाइन ई-टिकट खरीदते हैं। नियमों के बदलाव से एप की उपयोगिता बढ़ेगी। साथ ही काउंटर पर भी यात्रियों की भीड़ कम होगी। बता दें कि मंडल में अब काउटर बंद करने की भी तैयारी की है। ऑनलाइन टिकट बुकिंग बढ़ने से काउंटर से यात्रियों का दबाव कम होगा।

**खबर संक्षेप**

## रेलवे कर्मी से पौने तीन लाख की ठगी




**राजनांदगांव।** शहर के रामनगर क्षेत्र स्थित श्रीराम कालोनी में रहने वाले रेलवे कर्मचारी से पौने तीन लाख रुपए की धोखाधड़ी हो गई है। प्रार्थी से फोन के जरिये गोपनीय जानकारी लेकर इस ठगी को अंजाम दिया गया।

मामले में एफआईआर दर्ज कर आरोपी तक पहुंचने की कवायद शुरू कर दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार श्रीराम कालोनी निवासी रेलवे कर्मचारी मयाराम गंगबेर 26 अप्रैल को मतदान करने के लिए राजनांदगांव शहर आया था। इसी दौरान उसने एसबीआई कृषि शाखा के कस्टमर केयर में फोन लगाकर बैंक के खुले होने की जानकारी ली।

इसके बाद कुछ देर में प्रार्थी को एक अज्ञात नंबर से फोन आया, फोन में अपनी बातों में उलझाकर आरोपी ने प्रार्थी से उसकी गोपनीय जानकारी ले ली। जानकारी मिलने के बाद प्रार्थी के खाते से करीबन 2.70 लाख रुपए उड़ा लिए गए। पैसा कटने के बाद इसकी जानकारी प्रार्थी ने कोतवाली पुलिस को दी और अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है।

## जिले के सैकड़ों गांवों में बढ़ने लगी पानी की समस्या

# खेती के लिए 42 हजार पंप का उपयोग असर: 18 मीटर नीचे गिरा जलस्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश की सत्ता में आने के लिए सभी राजनीतिक दल किसानों को साधने के लिए धान की ऊंची कीमतें देने का वादा करते रहे हैं। सत्ता में आने के बाद उस वादे को पूरा भी किया जा रहा है। ऊंची कीमत मिलने का असर यह हुआ कि पिछले पांच सालों में ही धान की खेती करने वाले किसानों की संख्या में 80 फीसदी से अधिक इजाफा हुआ है। अब जिले के अधिकांश इलाके में धान की खेती ही होने लगी है। धान की खेती भले ही किसानों के लिए फायदे का सौदा हो, लेकिन इसका नकरात्मक असर गांव के जलस्तर पर पड़ने लगा है।

मिली जानकारी के अनुसार जिले के पौने दो लाख हेक्टेयर में इस गर्मी किसान धान की खेती कर रहे हैं। धान की फसल को पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने के लिए जिलेभर में ही 42 हजार से अधिक किसान मोटर पंप का उपयोग कर रहे हैं। इतनी बड़ी संख्या में मोटर पंपों का उपयोग होने से जिले के अलग-अलग इलाकों में जलस्तर 18 से 20 मीटर तक नीचे चला गया है। चिंताजनक बात यह है कि पिछले साल के मुकाबले अधिकांश इलाकों में जलस्तर नीचे ही गया है। इसमें सबसे बुरा हाल डोंगरगांव ब्लॉक का है।

मोटर पंप के इस्तेमाल से गांव में जलस्तर घटने का सीधा असर जलजीवन मिशन योजना पर भी देखने को मिल रहा है। अधिकांश गांव में जल जीवन मिशन के लिए बिछाई गई पाईप लाईन और किए गए बोर में पानी कम आने लगा है। जिसको लेकर न केवल प्रशासन चिंतित है, बल्कि इसको लेकर जागरूकता फैलाने अभियान चलाने की भी तैयारी शुरू कर ली गई है।



### धान की खेती सर्वाधिक

इस समय जिलेभर में सर्वाधिक किसान धान की खेती कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार 1.73 लाख हेक्टेयर में धान की खेती हो रही है। जबकि 962 हेक्टेयर में दलहन फसलें और 2425 हेक्टेयर में तिलहन फसलें ली जा रही है। 2750 हेक्टेयर में अन्य फसलें किसान ले रहे हैं। धान की फसल लेने वाले किसान और उसके रकबे में लगातार इजाफा होने से पानी का उपयोग भी खेती के लिए बढ़ता जा रहा है। धान की खेती बढ़ने के पीछे किसानों को प्रति एकड़ 31 सौ रुपए मिलना भी है।

### जानिये एक मोटर पंप कितना पानी खींचता है

मिली जानकारी के अनुसार एक 3 एचपी और 5 एचपी का खेती वाला मोटर पंप एक घंटे में औसतन 8000 लीटर पानी खींचता है। जिले में कुल 42531 मोटर पंप का उपयोग किसानों द्वारा किया जा रहा है, यानि 42531 मोटर पंप द्वारा दिनभर में करीबन 5443968000 लीटर पानी रोजाना खींचा जा रहा है। इतने पानी से एक पूरे शहर की दिनभर की प्यास बुझाई जा सकती है। जबकि एक हैंडपंप यानि बोरिंग द्वारा घंटे में 900 लीटर और दिनभर में 9483 लीटर पानी खींचा जा सकता है। यही कारण है कि अब जल्द ही प्रशासन भी किसानों को मोटर पंप की बजाए अन्य संसाधनों से सिंचाई करने के लिए जागरूक करेगा।

### जलस्तर घट रहा, जनजागरूकता जरूरी

जिलेभर में पिछले साल के मुकाबले इस बार जलस्तर अधिक गिरा है। लोगों को इसका महत्व समझना चाहिए और जलस्तर को बेहतर करने के लिए जनजागरूकता अभियान जरूरी है।

**- समीर शर्मा**, ईई, पीएचई

### छुरिया में स्थिति ठीक, डोंगरगांव में सबसे खराब

जिलेभर में औसतन जलस्तर लगातार गिरता ही चला जा रहा है। शहरी इलाकों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में यह अब चिंता का विषय बनता जा रहा है। खासकर गर्मी के दिनों में खेती के लिए मोटर पंप से पानी खींचने की वजह से सर्वाधिक असर पड़ा है। जिले के राजनांदगांव ब्लॉक में पिछले साल जलस्तर 17.25 मीटर पर था, जो इस बार 18.25 मीटर जा पहुंचा है। ऐसे ही डोंगरगांव में पिछले साल 15.00 मीटर था, जो अब 19.00 मीटर पर पहुंच गया है। डोंगरगढ़ ब्लॉक में पिछले बार 16.22 मीटर था, अब 18.46 मीटर और खुज्जी ब्लॉक में पिछले बार 13.80 मीटर और इस बार 13.40 मीटर पर जलस्तर पहुंच गया है।

# करोड़ों खर्च के बाद भी नहीं सुधर रही बूढ़ासागर की सूरत



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संस्कारधानी के ऐतिहासिक तालाब बूढ़ासागर के सौंदर्यीकरण के लिए करोड़ों खर्च करने के बाद भी सूरत नहीं बदल पा रही है। तालाब के किनारे जहां गंदगी का आलम है। वहीं जलकुंभी भी फैलने लगे हैं।

शहर के बूढ़ासागर के सौंदर्यीकरण को लेकर करोड़ों फूंक दिए गए। इस मामले में सत्ता पक्ष और विपक्ष में एक-दूसरे पर आरोपों का दौर भी पूर्व में चलता रहा। ऐतिहासिक तालाब के किनारे चारो ओर गंदगी का आलम बना हुआ है। डिस्पोजल सहित अन्य कचरे भी तालाब में डाले जा रहे हैं। वहीं तालाब के पचरी सहित बाऊंड्रीवाल के आसपास भी गंदगी बिखरने लगी है। बताया गया कि बाऊंड्रीवाल सेल्फी जोन के किनारे कूडा करकट का ढ़ेर लगने लगा है। वहीं तालाब के किनारे-किनारे जलकुंभी भी फैलने लगी है। तालाब के किनारे बनाए गए पाथवे में भी कचरों का ढ़ेर लगने लगा है। कई बाऊंड्रीवाल के किनारे मवेशी भी बांधने लगे हैं। जिससे बूढ़ासागर की सौंदर्यता पर असर पड़ रहा है।

### वॉटर ट्रीटमेंट का काम अधर में

ज्ञात हो कि बूढ़ासागर के किनारे शाम के समय बड़ी संख्या में लोग इन दिनों शीतल हवा और स्वस्थ मनोरंजन के लिए पहुंचते हैं और घंटों इस क्षेत्र में भ्रमण करते हैं, लेकिन तालाब की दयनीय दशा के चलते उनको भी परेशान होना पड़ रहा है। इधर त्रिवेणी परिसर से लगे क्षेत्र में भी अपर्याप्त साफ-सफाई का आलम बना हुआ है। डिस्पोजल और पालीथिन का जमावड़ा रहती है। तालाब में पहुंच रहे नाली के पानी को साफ करने के लिए बनाए जा रहे वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का काम अधर में लटका हुआ है। जिसके प्रति उचित कार्रवाई किए जाने की मांग उठने लगी है।

### अन्य तालाब भी बेहाल

इधर शहर के अन्य तालाबों का भी हाल-बेहाल है। मोतीपुर तालाब, नया बस स्टैंड के पास मोती तालाब, भरकापारा, चिखली, लखोली नवागांव सहित अन्य वार्डों में स्थित तालाबों में भी पर्याप्त साफ-सफाई न होने से तालाब की सूरत बदलने लगी है।

# 'पुलिस केस में फंसा है आपका बच्चा', कहकर कर रहे ठगी

- साइबर ठग नए नए तरीके अपना रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आम लोगों से ठगी कर रुपए ऐंठने के लिए साइबर ठग कई तरह के तरीके अपना रहे हैं। जिसमें इन दिनों साइबर ठग फर्जी पुलिस बनकर अभिभावकों को फोन कर उनका बच्चा आपराधिक मामले में फंसने सहित अन्य बातें कहकर डराने एवं ठगी करने में सक्रिय हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि इस तरह का फोन आने पर वे डरे नहीं, बल्कि इसकी सूचना पुलिस को दें।

ज्ञात हो कि साइबर ठगों द्वारा लोगों को ठगने के लिए आए दिन नए-नए हथकंडे अपनाए जाते रहे हैं। इसी क्रम में अब साइबर ठग इन दिनों अभिभावकों को फोन कर बताते हैं कि वे पुलिस वाले बोल रहे हैं, आपके रिश्तेदार विशेषकर (बेटा, बेटी) को रेप केस, ड्रग सप्लाई केस, ठगी केस, ऐक्सीडेंट हो गया है, जो वर्तमान में थाना में बंदी है, बताकर फर्जी बात करते हैं। अभिभावकों द्वारा बच्चे से बात कराओ कहने पर बच्चे का रोने, कहराने की फेंक आडियो रिकार्ड सुनाते हैं। अभिभावक से उनके बच्चे को छोड़ने के बदले पैसे की मांग करते हैं और धमकाते रहते हैं, फोन काटने का मौका नहीं देते। अभिभावन तत्काल ठगों को उनके बताए यूपीआई आईडी पर रुपए ट्रांसफर कर देते हैं।



### ठगी से बचे

इस तरह के सायबर ठगी को देखते पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे ऐसे कॉल से घबराएं नहीं, फोन काल कट कर सबसे पहले रिश्तेदार या बच्चों के मोबाईल नंबर पर संपर्क कर उनका सुरक्षित होना सुनिश्चित करें। अपने रिश्तेदार, बच्चों से वीडियो कॉल कर तस्दीक कर लें व नजदीकी थाना से संपर्क करें। जल्दबाजी में कोई भी अमाउंट राशि ट्रांसफर न करें।

### तत्काल पुलिस को जानकारी दें

ऐसे काल से घबराए नहीं, बल्कि पुलिस कंट्रोल रूम या समीप के थाना से संपर्क कर अपनी समस्या बताएं। जिससे तत्काल समस्या का समाधान किया जा सके और फ्राड होने से बचा जा सके।

**- राहुल देव शर्मा**, एएसपी

# रेलवे स्टेशन में महिला हुई बेहोश, आरपीएफ ने की मदद, उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रेलवे स्टेशन में एक महिला यात्री को चक्कर आ गया और वह बेहोश हो गई। जिसकी सूचना मिलने पर मौके पर रेलवे सुरक्षा बल स्टाफ पहुंचा और महिला की मदद करते उसे तत्काल उपचार हेतु चिकित्सालय भिजवाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 मई को गाडी सं.- 08705 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू राजनांदगांव रेलवे स्टेशन के प्लेट फार्म क्रमांक 1 में 11.39 बजे पहुंची, जिसे ड्यूटी में तैनात निरीक्षक तरूणा साहू, प्रधान आरक्षक सुनील कुमार, महिला आरक्षक ललिता, आरक्षक प्रमोद यादव के साथ अटेंड किया गया। इस दौरान यात्रियों द्वारा बताया गया कि एक महिला बेहोश हो गई है।



### एम्बुलेंस से अस्पताल भिजवाया

जिस पर तुरंत पोस्ट प्रभारी तरूणा साहू द्वारा 108 एम्बुलेंस को सूचना देकर बुलाया गया और उक्त महिला को परिजनों के सहयोग से एम्बुलेंस से उचित उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज पेंड्री राजनांदगांव ले जाया गया, जहां उक्त महिला यात्री का उपचार जारी है।

### बेहोशी की हालत में थी

सूचना पर मौके पर स्टाफ पहुंचा, जहां पाया कि एक महिला बेहोशी की हालत में चेयर पर लेटी है। साथ में उसके परिजन मौजूद थे। जिनसे पूछताछ करने पर उनके द्वारा महिला का नाम श्रीमती शीतल सारथी पति संतोष सारथी 45 वर्ष निवासी बजरंगनगर मुहारा रोड थाना बसंतपुर बताया और बताया कि वह उक्त गाड़ी से रायपुर से राजनांदगांव तक परिजनों के साथ यात्रा कर रहे थे। इसी दौरान शीतल सारथी को चक्कर आया और बेहोश हो गई।

## अंचल में सामान्य से छह डिग्री अधिक पहुंचा दिन का तापमान

# पश्चिमी विक्षोभ के असर से बढ़ेगी नम हवाएं बदली छाएगी, बेमौसम बारिश की संभावना नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले कुछ सप्ताह के दौरान मौसम का बदलना आम बात हो गया है। मार्च और अप्रैल के महीने में तीखी धूप की जगह बेमौसम बारिश देखने को मिली है। हालांकि अब पिछले एक सप्ताह से फिर गर्मी ने अपना कहर दिखाना शुरू कर दिया है। दिन के साथ ही रात का तापमान भी लगातार चढ़ रहा है। इस बीच एक पश्चिमी विक्षोभ के असर से नमी की मात्रा बढ़ने के संकेत मिले हैं।

इसके प्रभाव से प्रदेश के कुछ इलाकों में बदली छा सकती है। अंचल में भी ऐसा देखने को मिल सकता है, परन्तु इस दौरान बारिश के आसार नहीं बताए गए हैं। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में वृद्धि भी अब दो से तीन दिन तक नहीं होने की संभावना है।

मौसम विभाग के वैज्ञानिक एचपी चंद्रा से मिली जानकारी के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ 45 डिग्री पूर्व और 26 डिग्री उत्तर में मध्य क्षोभमंडल में स्थित है। जिसके कारण नमी की मात्रा में थोड़ी वृद्धि होने की संभावना है।

जिसके कारण प्रदेश में कल शुक्रवार को मौसम शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में अगले दो दिनों तक कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। प्रदेश के कुछ जिलों में हल्के बादल रह सकते हैं।

### सेहत पर असर, गर्मी से बचने पीये तरल पदार्थ

इधर गर्मी की तपिश से लोगों की सेहत खराब होने की शिकायतें भी बढ़ गई है। डॉक्टरों से मिली जानकारी के अनुसार बच्चों में अधिक प्रभाव देखने को मिल रहा है। तेज धूप से बचने के लिए डॉक्टरों का कहना है कि दिन के समय घर से बाहर निकलते वक्त चेहरे सहित अपने शरीर को कपड़े से ढंके रहे। इसके साथ ही अधिक से अधिक तरल पदार्थ का सेवन करें, दिनभर में पर्याप्त पानी पीये। अधिक मसालेदार और तेल वाले खाने से भी बचने की सलाह दी गई है।

### सबसे गर्म डोंगरगढ़

जिले का पहाड़ी इलाका डोंगरगढ़ गर्मी के मामले में सबसे आगे है। लगातार यह शहर प्रदेश में सबसे अधिक तापमान वाला शहर बना हुआ है। गुरुवार को डोंगरगढ़ में अधिकतम तापमान 43 डिग्री के करीब रहा। जबकि जिलेभर का औसतन अधिकतम तापमान 42 डिग्री पर रहा। वहीं रात यानि न्यूनतम तापमान भी बढ़कर अब 29 डिग्री के करीब जा पहुंचा है। दुर्ग, बिलासपुर और रायपुर जैसे शहरों में भी अधिकतम तापमान डोंगरगढ़ से कम है।

**माय एंगल**




संजीवनी
राजनांदगांव का एकमात्र
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
डॉ. कल्याण श्याम वझलवार
हमारी बाल चिकित्सा देखभाल और सेवाएं
- टीकाकरण
- नेबुलाइजेशन
- ओ.पी.डी. (बाह्य रोगी विभाग)
- आई.पी.डी. (इलपेशेंट विभाग)
- CPAP सतत सकारात्मक वायुमार्ग दबाव चिकित्सा
- वेंटिलेटर
- एन.आई.सी.यू. नवजात गहन चिकित्सा इकाई
- पी.आई.सी.यू. बाल चिकित्सा गहन चिकित्सा इकाई
- बिलीकेयर टेस्ट गैर इनवेसिव बिलीरूबिन मापक
- ओटोअकॉस्टिक एमिशन टेस्ट (OAE)
- नवजात बच्चों की सुनने की क्षमता के लिए जाँचें

OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### धर्मनगरी में तीव्र गर्मी

**डोंगरगढ़।** प्रदेश में सबसे गर्म स्थल के रूप में सामने आयी धर्मनगरी की पहचान बनते जा रही है। वर्ष 2023- 24 से यहां गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। व्यवसाय बढ़ाने के चक्कर में लोग बिना अनुमति के वृक्षों की कटाई करने के साथ निर्माण कर रहे है जिसका सीधा असर पर्यावरण पर पड़ रहा है। बम्लेश्वरी पहाड़ी के आसपास वन विभाग की अनदेखी के चलते बडे.पैमाने पर वृक्षो की कटाई होना आम बात हो गई है। मंदिर क्षेत्र के आसपास रहने वाले वृक्षों को काटकर चूल्हे में खपा रहे हैं। शहर में गर्मी बढ़ने के साथ तेजी से वॉटर लेवल नीचे गिरते जा रहा है।



### शर्मा को बलौदाबाजार की जिम्मेदारी

**डोंगरगढ़।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार लोकसभा चुनाव के प्रचार-प्रसार हेतु पदाधिकारियों से संपर्क एवं समन्वय स्थापित कर चुनावी प्रचार-प्रसार को गति प्रदान करते हुए पार्टी की जीत सुनिश्चित करने कांग्रेस नेता प्रदीप शर्मा को बालौद बाजार क्षेत्र की जिम्मेदारी मिली है।

### मनरेगा श्रमिकों का किसान कांग्रेस ने किया सम्मान

**तुमडीबोड।** श्रमिक दिवस के मौके पर जिला किसान कांग्रेस के



पदाधिकारियों ने मजदूरों के साथ बोरे-बासी खाकर उनका सम्मान किया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पारंपरिक भोजन को इस विशेष दिवस से जोड़कर देशभर में नई पहचान दिलाई थी। किसान कांग्रेस ने आलीखुंटा में मनरेगा के मजदूरों का सम्मान किया। इस मौके पर जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ की परंपरा और लोक संस्कृति को जीवित रखने के लिए यह शुरूवात की गई है। इस मौके पर पुरूषोत्तम साहू, हेमंत साहू, राजेशसिंह, मुकेश साहू आदि मौजूद थे।



### मनाया बोरेबासी दिवस

**चिचोला।** बोरे बासी खाकर 1 मई को मजदूर दिवस मनाया गया। राज्य में बोरे बासी खाने का प्रचलन काफी पुराना है। बोरे बासी को दही और प्याज के साथ खाया जाता है। कांग्रेस नेता अमित अग्रवाल ने कहा कि बुजुर्ग लोग बोरे बासी को अमृत समझते थे। इसका सभी को सेवन करना चाहिए।

### तीसरी किस्त खाते में जमा, महिलाएं हर्षित

**सड़क अतरिया।** महतारी वंदन योजना की तीसरी किस्त महिलाओं के



खाते में जमा हो गई है। राशि जमा होने के बाद बैंक, डाक घर में पैसा निकालने के लिए महिलाओं की कतार लग रही है। खाते में तीसरी किस्त जमा होने के बाद महिलाए काफी उत्साहित हैं। तीसरी किस्त जमा होने पर पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने कहा कि विष्णु के शासन में महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में बेहतर पहल हो रही है।

## पहले भी हो चुकी घटनाएं, सुरक्षा का प्रबंध नहीं

# मुक्तिधाम से गायब हो रही अस्थियां तांत्रिक क्रिया की आशंका से दहशत

## सवालों के घेरे में मुक्तिधाम की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

शहर में अब तक सामान, नगदी सहित अन्य की चोरी की घटनाएं होते रही है। इस तरह की घटनाओं के परे अब मुक्तिधाम से अंतिम संस्कार के बाद अस्थियां गायब होने की घटनाएं सामने आ रही है। इस तरह की घटना होने से शहर मे हड़कंप मच गया है। इस तरह की घटनाएं बीते एक साल से हो रही है।

जानकारी के अनुसार इस घटना का खुलासा जयस्तंभ चौक निवासी सिद्धगोपाल नरेडी की धर्मपत्नि राजकुमारी बाई नरेडी के निधन के बाद तब हुआ जब अस्थि विसर्जन के लिए परिजन पहुंचे तो खोपड़ी नहीं मिली। कहा जा रहा है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने रात को राख को हटाकर खोपड़ी गायब कर दिया। इस घटना को तांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ाकर देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार पूर्व में भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी है। इस घटना को शहर में व्यापक चर्चा है। घटना सामने आने के बाद परिजन अब थाने में शिकायत करने की तैयारी में हैं। अस्थि के ढेर से मृतक की खोपड़ी के अलावा अन्य हिस्से की भी हड्डियां भी गायब होने की जानकारी सामने आई है।

### नवरात्र में आते हैं बाहर के तांत्रिक

उल्लेखनीय है कि श्मषान घाट वर्षो पहले से तांत्रिक सिद्धी के स्थल के रूप में प्रसिद्ध रहा है। बगलामुखी माता भगवती के दरबार में नवरात्रि के दौरान तांत्रिक तपस्या एवं पूजा पाठ करने आते रहे है। 2014-15 में एक तांत्रिक को जलती चिता से शारिरीक अंग निकालकर खाते देखा गया था।लोगों की नजर पड़ने के बाद तांत्रिक भाग खड़ा हुआ था। बताया जाता है कि साल भर पूर्व नरेडी परिवार के सूरज नरेडी की मौत के बाद अस्थि विसर्जन के लिए पहुंचे परिजनों को उसकी खोपड़ी नहीं मिली थी।



### घटना से शहर में दहशत

उक्त घटना के बाद शहर में दहशत का माहौल बना हुआ है।दाह संस्कार के बाद अस्थियों का गायब होना चिंता का विषय है। इस तरह की घटना से छिरपानी मुक्तिधाम की व्यवस्था पर सवाल खड़े होने लगे है। बताया जाता है कि यहां चौकीदार की कमी है। वहीं कुछ लोगों ने श्मषान घाट को अघोषित पार्किंग स्थल बना लिया है। यहां पशुओं का जमघट लगा रहता है साथ जहां तहां गंदगी देखा जा सकता है।

## युवीन पोर्टल से टीकाकरण कार्यक्रम का डिजिटाइजेशन

**राजनांदगांव।** युवीन पोर्टल के माध्यम से गर्भवती महिलाओं तथा बच्चों के नियमित टीकाकरण कार्यक्रम का डिजिटाइजेशन किया जा रहा है। कोविड वैक्सीनेशन पोर्टल की तर्ज पर बनाए गए युवीन पोर्टल में 0 से 2 वर्ष के बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं को नियमित टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत लगाए गए सभी टीकों की ऑनलाइन एंट्री युवीन मोबाइल प्लेटफार्म के माध्यम से हो रही है। जिससे सभी हितग्राहियों की ट्रैकिंग सही समय पर हो पाएगी तथा हितग्राही का रिकॉर्ड डिजिटल माध्यम से सुरक्षित हो जाएगा। जिससे भारत में कहीं भी हितग्राही अपना टीकाकरण करवाकर गंभीर जानलेवा बीमारियों से बच सकते हैं। उल्लेखनीय है कि नियमित टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत स्वास्थ्य केन्द्रों तथा टीकाकरण सत्रों में निःशुल्क टीकाकरण किया जाता है। संशोधित राष्ट्रीय टीकाकरण सारणी अनुसार गर्भावस्था के दौरान टीडी का टीका तथा शिशु के जन्म के तुरंत बाद हेपेटाइटिस बी, पोलियो बीसीजी का टीका, जन्म के 6 सप्ताह पर पोलियो रोटावायरस एफआईपीवी पीसीवी पेंटावेलेंट, जन्म के 10 सप्ताह पर पोलियो रोटावायरस पेंटावेलेंट, जन्म के 14 सप्ताह पर पोलियो रोटावायरस एफआईपीवी पीसीवी पेंटावेलेंट, जन्म के 9 माह में विटामिन ए मीजल्स रूबेला पीसीवी, जन्म के 14 से 24 महीने पर विटामिन ए पोलियो मीजल्स रूबेला डीपीटी तथा 5 वर्ष पर डीपीटी, 10 व वर्ष 16 वर्ष पर टीडी बूस्टर की खुराक दी जाती है। सभी हितग्राहियों से नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र अथवा टीकाकरण सत्र में अपने शिशु को नियमित रूप से टीके की खुराक अवश्य दिलाने की अपील करते कहा गया है कि गंभीर जानलेवा बीमारियों से सुरक्षा कवच बनाएं।

# बिना रायल्टी पर्ची के हाईवा से रेत का परिवहन, खनिज विभाग ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

रेत का परिवहन कर रहे हाइवा के खिलाफ खनिज विभाग ने कार्यवाही किया है। इसी कड़ी में ईंट से भरे ट्रेक्टर को भी विभाग ने पकड़ा है।

- ओवरलोड वाहनों से सडकें जर्जर

जानकारी अनुसार 2 मई को खनिज विभाग के निरीक्षक बबलू पांडे एवं टीम ने रेत से भरे हाइवा क्रमांक सीजी 08 एडब्लू 7900 की जांच किया। वाहन में रेत के परिवहन संबंधी दस्तावेज नहीं था। वाहन को जप्त कर थाने के सपुर्दगी में रखा गया। इसी प्रकार बिना नंबर वाले ट्रेक्टर को ईंट का परिवहन करते हुए पकड़ा गया। इस वाहन भी दस्तावेज नही था। ट्रेक्टर को जप्त कर थाना में खड़े करा दिया गया है।



### दुर्घटना की आशंका

ओवरलोड गाड़ियों से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। क्षेत्र में पूर्व में एक- दो घटना हो चुकी है जिसमें लोग बाल बाल बचे हैं। दो माह पहले रेत से भरे वाहन ने बिजली पोल को क्षतिग्रस्त कर दिया था। बिजली कम्पनी ने पोल का पैसा वाहन मालिक से वसूल किया था। इस मामले पर जानकारी लेने जब खनिज अधिकारी इंद्रलाल से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने काल रिसीव नहीं किया।

### खनिज का अवैध परिवहन जारी

कुछ माह से रेत, गिट्टी का परिवहन किया जा रहा है जिसके कारण सड़के खराब होने लगी। तहसील आफिस के पास से सड़क पूरी तरह खराब हो चुकी है। ओवरलोड गाड़ियों के चलने सड़क जगह जगह उखड़ने लगी है। जानकारी के अनुसार रेतख गिट्टी का परिवहन करने वाली गाड़ियों में रॉयल्टी पर्ची या धर्मकांटा की पर्ची नही होती है। जांच के अभाव में पुरानी पर्ची से रेत गिट्टी का परिवहन किया जाता है।

# बारिश से फसल बर्बाद, क्षतिपूर्ति मिलने के इंतजार में किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सडक अतरिया

असमय बारिश और खराब मौसम के कारण चना, गेहूं, लाखड़ी, खरबुजा सहित अन्य फसल को काफी क्षति पहुंची थी। बहुत से किसानों की लागत भी वसुल नहीं हो सकी थी। फसल बर्बाद होने के बाद विभाग एवं बीमा कम्पनी ने सर्वे किया था। नुकसान भरपाई की रिपोर्ट के आधार पर किसानों को क्षतिपूर्ति एवं बीमा क्लेम की राशि मिलना तय है पर किसान अब तक आर्थिक सहायता से वंचित हैं। करीब डेढ़ माह पहले राज्य सरकार ने नुकसान की भरपाई के लिए 167 करोड़ जारी किया है पर क्षतिपूर्ति की राशि अब तक लंबित है।

जानकारी के अनुसार सोसायटी में बड़ी संख्या में किसानों ने फसल का बीमा कराया था। लगातार बेमौसम बारिश तथा खराब मौसम के कारण रबि फसल पुरी तरह से बर्बाद हो गई थी। अब किसान बीमा कम्पनी से आशा लगाए बैठे हैं कि उनके फसल बर्बादी का बीमा क्लेम शीघ्र भुगतान हो। पखवाड़े भर बाद नए सीजन की फसल बोआई की तैयारी भी शुरु हो जाना है। किसानों की माली हालत खराब होने से चिंता सताने लगी है।



### चौथी किस्त लंबित

साल भर पहले कांग्रेस सरकार किसानों का धान 25 सौ रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदा था। अंतर की राशि राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत चार समान किस्तों में किसानों के खाते में जमा हो रही है। बीते साल किसान को इस योजना के तहत मिलने वाली चौथी किस्त अब तक अप्राप्त है।इस राशि का भुगतान बजट में प्रस्तावित है। किसानों की मांग है कि किसानों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए शीघ्र ही राशि जमा किया जाए। नए सीजन के लिए किसानों को सोसायटी, जिला सहकारी बैंक से कृषि ऋण मिलना शुरु हो गया है। ऋण निकालने के लिए सोसायटी एवं बैंक में किसानों की लंबी कतार लग रही है। जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष कामदेव जंघेल ने कहा कि महतारी वंदन के तहत महिलाओं को लगातार लाभ मिल रहा है। सरकार को चाहिए कि फसल बर्बादी की क्षतिपूर्ति एवं न्याय योजना की चौथी किस्त देकर किसानों को आर्थिक सहायता पहुंचाए।

# सालभर की कड़ी मेहनत के बाद परीक्षा परिणाम देखकर खुश हुए स्कूली बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

नगर के बीपीएस पैरेन्ट्स प्राइड इंग्लिश मीडियम स्कूल में 30 अप्रैल को परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। बोर्ड ऑफ डायरेक्टर मेंबर गिरीश सोनी, बालकृष्ण सिन्हा, संतोष सागर शर्मा, राजेन्द्र सिंह ठाकुर तथा महेश पाण्डेय की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में टॉप फाईव में आने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। बड़ी संख्या में पालक उपस्थिति में प्रभारी प्राचार्य नीलेश श्रीवास्तव तथा एचएम धन्नी साहू ने कक्षावार परिणाम घोषित किया। क्लॉस नर्सरी में अर्पित देवांगन, भौमिक पटेल, भुवनेश मास्कर, एकांश चंद्रवंशी, गीतेश साहू, याचना, काव्या सैनी, हेतिका साहू, जास्मिन साहू ने प्रथम, मान्या देवांगन द्वितीय, लभ्य कुमार ढीमर तृतीय, एलकेजी सेक्शन ए में आराध्य बोरकर, आर्य सिंग, दिव्यांत कुमार नेताम, हुमिशा हिरवानी, याचना साहू से प्रथम, आकाश साहू द्वितीय, लक्ष्य देवांगन तृतीय, एलकेजी सेक्शन बी में चित्रा सिन्हा, गोपेश नायक, हेजल साह, इशांत दुबे, शिवानी प्रथम, तृप्ति पटेल, मानवीय साहू द्वितीय, दिलेश पटेल, नीतिन राणा, तेजस्वी पिस्दा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्लॉस यूकेजी सेक्शन ए में आकृति सिंग गहरवार, प्रणिका साहू, कशिश साहू, गगन साहू प्रथम, निहित साहू द्वितीय, हर्षित सिन्हा, प्रसिद्धि दुबे तृतीय, यूकेजी सेक्शन बी में गुंजीता पटेल, हेमराज पटेल, काव्यांश साहू, मानसी सिन्हा, नोशिका सिन्हा, सेजल गायकवाड़, तेजस्वनी निषाद प्रथम,



जतिन साहू द्वितीय, डॉली हिरवानी तृतीय, क्लॉस वन सेक्शन ए में चंचल रावटे, चुनाक्ष साहू, घनिका गुनेन्द्र, लक्ष्य साहू, लावण्या निषाद, तक्षराज साहू, तारूणी कर्सल प्रथम, मयंक सोनी, नवीन कुमार, सेजल साहू द्वितीय, आरभ्य बघेल, अंश निषाद, निखिल साहू तीसरा, क्लॉस वन सेक्शन बी में आरजू खान, अदिति सोनी, अरनाज अंसारी, भूमिजा साहू, अक्षत साहू, भव्यांश साहू, कुनाल साहू, प्रिंस कौशिक, पुलकित साहू, रूहान बोरकर, शिवांगी सिन्हा, वंश कुमार प्रथम, तान्या, ढीमर साहू द्वितीय, मोक्ष साहू, नितिन सिंग, साक्षी भूआर्य, वैभव कुमार तीसरा स्थान प्राप्त किया। क्लॉस टू सेक्शन ए में अदिति रावटे, भावेश सिन्हा, भाविका साहू, राघवेन्द्र साहू प्रथम, लक्षिता पिस्दा द्वितीय, लिशा देवांगन तीसरा, क्लॉस टू सेक्शन बी में खुशबू साहू, परिधि सिंग तोमर, प्रखर पटेल, टिया देवांगन प्रथम, नितेश रूपलानी, राजवीर सिंग सोनकर द्वितीय, धैर्य रामटेके, काव्या साहू तीसरा, क्लॉस थर्ड सेक्शन ए में बिरेन्द्र साहू, काव्या साहू, सभ्य साहू प्रथम, जयप्रकाश भंडारी द्वितीय, भावना साहू, दिनिशा गंधर्व तीसरा, क्लॉस थर्ड सेक्शन बी में अंशुमन श्रीवास्तव प्रथम, लव्य साहू, रिशिका अर्मंडिया द्वितीय, तान्या राजपूत तीसरा स्थान प्राप्त किया।



क्लॉस फोर्थ में दीक्षा साहू, खिलेश साहू प्रथम, अनन्या सिन्हा, चेमन कुमार, लक्ष्य राजपूत द्वितीय, हिमांशु साहू तृतीय, क्लॉस फिफ्थ में ऑफरिन खान प्रथम, वैभवी ठाकुर द्वितीय, याची अहीर तृतीय, क्लॉस सिक्स में डिम्पल कोरे प्रथम, सत्यनारायण वर्मा द्वितीय, पुष्पेन्द्र सहारे तृतीय, क्लॉस सेवन में प्राची साहू प्रथम, तीरथ मालेकर द्वितीय, अनन्या गुप्ता तृतीय, क्लॉस ऐर्थ में शौर्य मेश्राम प्रथम, यशकुमार टांडिया द्वितीय, आदित्य भूआर्य तृतीय, नाइंथ में दीपांश राजपूत प्रथम, मोहन मुरली वर्मा द्वितीय, योगेश्वर सिंग तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर नीतू रत्नाकर, कीर्ति सागर, हारिका पटेल, सुमन साहू, प्रीति साहू, उषा साहू, पल्लवी यदु, लक्ष्मी शर्मा, पिंकी देवांगन, महिला देवांगन, माधुरी साहू, नीरज साहू, दानबाई रावटे, ऐश्वर्या ध्रुव, परमेश्वरी कंवर, तेज साहू, भूपेन्द्र यादव, ऐश्वर्या सिंग, भूमिका पटेल, तामेश्वर साहू, शिव यादव, धनंजय नायक सहित अन्य उपस्थित थे।

नगर में संचालित राइट गुरुकुल में स्थानीय परीक्षा का परिणाम मंगलवार को पालकों की उपस्थिति में घोषित किया गया। कक्षा नर्सरी में परिधि राणा प्रथम, हर्ष साहू द्वितीय, दिव्या पटेल एवं टीशा मंडावी तृतीय, केजी 1 में रोहित मंडावी प्रथम, योगिता साहू, मोनिशा पटेल द्वितीय, साहिल मानिकपुरी, तन्मय पटेल तृतीय, केजी 2 में ओजस्वी अंबादे, सायांशी सिंह प्रथम, धवनसिंह माली, स्वाति साहू, माही यादव द्वितीय, फियांशु साहू, वेदांत राणा, प्रियांशु चंद्रवंशी तृतीय, कक्षा पहली में रेहांत भुआर्य प्रथम, काव्यांजलि रावते द्वितीय,पूर्वी सिन्हा तृतीय, कक्षा 2 में मानसी निषाद, पूर्वी देवांगन प्रथम, श्रद्धा राठिया द्वितीय, भव्य साहू, साकेत मंडावी तृतीय, कक्षा 3 में रोहन नायक प्रथम, गरिमा चंद्रवंशी, कृष्णा साहू द्वितीय, आर्यन कोरे तृतीय, कक्षा 4 में दीपांशु रावते प्रथम, निखिता साहू, गुरुअंश रावते द्वितीय, चेष्ठा साहू, भूमिका साहू तृतीय, कक्षा 5 में लावण्या ढीमर प्रथम, ट्विंकल यादव द्वितीय, मयंक साहू तृतीय, कक्षा 6 में रेणु महोबिया प्रथम, हार्दिक जैन द्वितीय, नैतिक चौरे, दीपांशु साहू तृतीय, कक्षा 7 में खुशी नायक प्रथम, आभा देवांगन द्वितीय, मानवी देवांगन तृतीय, कक्षा 8 में चंचल रामटेके प्रथम, आइशा खान द्वितीय, कक्षा 9 में यास्मीन चंद्रवंशी प्रथम, जय निर्मलकर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार हिंदी माध्यम की कक्षा 1ली में जीतेश ढीमर प्रथम, निकिता द्वितीय, कक्षा 2 री में प्रिया कंवर प्रथम, भावेश सोनकर द्वितीय, कक्षा 3 री में रुद्राक्षी नेताम प्रथम, देविका ढीमर द्वितीय, कक्षा 4 थी में इशांत राजपूत प्रथम, कक्षा 5 वी में जानवी बरमाते प्रथम, हिमांशु साहू द्वितीय, नैतिक साहू तृतीय, कक्षा 6वी में पियाली साहू प्रथम, मीनाक्षी निषाद द्वितीय, प्रणय पटेल तृतीय, कक्षा 7 वी में निधि ढीमर प्रथम, गीतांजलि ढीमर द्वितीय, आयान खान, खुशी तिवारी तृतीय, कक्षा 8 में निकेश पिस्दा प्रथम, लखन सिंह माली द्वितीय, टैलेश सिंह राजपूत तृतीय रहे। कक्षा 9 में दामिनी सार्वा प्रथम, निखिल साहू द्वितीय, विकास साहू तृतीय, कक्षा 11वी जीव विज्ञान संकाय में धाविका साहू प्रथम, चंचल साहू द्वितीय, लेमन साहू तृतीय, गणित संकाय में हेमा साहू प्रथम, कृषि संकाय में रूबी रावटे प्रथम, हिमांशी रावटे, पीयूष गजभिये ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### आत्मानंद स्कूल में अनुष्का, योगिता, अनन्या प्रथम





**डोंगरगांव।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में मंगलवार को परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। आत्मानंद विद्यालय के प्राइमरी विभाग की कक्षा पहली में गुंजिता साहू प्रथम, खुशी देवांगन द्वितीय, आरूही मेश्राम, धरना देवांगन तृतीय, कक्षा दूसरी में तन्वी लाउत्रे प्रथम, रियांशिका साहू, देदिप द्वितीय, आकृति तृतीय, कक्षा तीसरी में तन्मय ठाकुर प्रथम, जीनय देवांगन और तेजस्व कुंभलकर द्वितीय, आद्या जैन तृतीय, कक्षा चौथी में भूदेवी साहू प्रथम, माधवी कंवर, प्रतीक्षा धनकर द्वितीय, अशर लिजु तृतीय, कक्षा पांचवी में आदित्य साहू प्रथम, वनिषा द्वितीय, निखिल कुलहरे तीसरे स्थान पर रहे। इसी प्रकार पूर्व माध्यमिक की कक्षा छठवीं में प्रज्ञा साहू प्रथम, प्रियली देवांगन द्वितीय, इशिका देवांगन तृतीय, कक्षा सातवीं में तनिषा गुप्ता प्रथम, झरना द्वितीय, देवांशी पटेल तृतीय, कक्षा आठवीं में प्रवीण कुमार साहू प्रथम, तिजिल कुमार साहू द्वितीय, पार्थ देवांगन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उच्चतर माध्यमिक वर्ग की कक्षा नवमीं में राशि साहू प्रथम, सिमरन साहू द्वितीय, कुशल देवांगन, प्रांजलि बोरकर तृतीय, कक्षा ग्यारहवीं गणित संकाय में अनुष्का तिवारी प्रथम, जीव विज्ञान संकाय में योगिता सोनकर द्वितीय और चंचल राजपूत तृतीय, वाणिज्य संकाय की अनन्या जैन प्रथम, चांदनी द्वितीय, हिमांशु राजपूत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### परिणाम शत-प्रतिशत

**डोंगरगढ़।** डॉ. आम्बेडकर आवासीय शाला बछेराभाठा में परीक्षा परिणाम गत दिनों संस्था प्रमुख एसजी मेश्राम एवं संचालक नलिनी मेश्राम ने अधीक्षिका तरुणमनी ठाकुर, शिक्षिका गीतेश्वरी यादव स्मिता साहू आदि की उपस्थिति में घोषित किया। शाला की कक्षा 6 में किरण कुरेंद्र प्रथम, कक्षा 7 वी में रूबिराज नेताम प्रथम, चैनप्रसाद कोर्राम द्वितीय, कक्षा 8वी में दीपक कुमार समलिया प्रथम, पंकज कचलामे द्वितीय, अरविंद कंवर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 8 वी के 7 छात्रों ने 90 तथा शेष छात्रों ने 80 प्रतिशत अंको के साथ सफलता प्राप्त की।



**पटेवा।** सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल पटेवा में परीक्षा परिणाम विगत दिनों संस्था के अध्यक्ष एलएल साहू एवं पालकों की उपस्थिति में प्राचार्य रोहित निर्मलकर ने घोषित किया। परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा अरूण में सुचित्रा, झावी साहू प्रथम, हर्ष साहू द्वितीय, नव्या साहू तृतीय, कक्षा उदय में चिराग वर्मा प्रथम, युक्ति साहू द्वितीय, पंकज देवांगन, वेदांत वर्मा तृतीय, कक्षा प्रथम में रियाशं वर्मा, देवेन्द्र वर्मा प्रथम, हर्षिता टंडन द्वितीय, वेदिका देवांगन तृतीय, कक्षा द्वितीय में माही सूर्यवंशी प्रथम, गुंजित साहू द्वितीय,वासनी साहू तृतीय, कक्षा तृतीय में गोपेश पाल प्रथम, करिश्मा निर्मलकर द्वितीय, कृशपाल तृतीय, कक्षा चतुर्थ में अनामिका चंदेल प्रथम, राजवीर महिलकर, रेणु मेश्राम द्वितीय, उमंग साहू तृतीय, कक्षा पंचम में रत्नेश वर्मा प्रथम, झरना साहू द्वितीय, खुशी साहू तृतीय, कक्षा षष्ठम में गुजा साहू, अंश दुबे प्रथम, रूखमणी साहू द्वितीय, माधुरी तृतीय, कक्षा सप्तम में डिलेशवरी साहू प्रथम, लेमन साहू द्वितीय, शशांक साहू तृतीय, कक्षा अष्टम में चांदनी साहू प्रथम, सोनम सूर्यवंशी एवं उदित नारायण साहू द्वितीय, रेणुका वर्मा तृतीय, कक्षा नवम में साक्षी साहू प्रथम, डिलेशवरी पाल द्वितीय, कुनाल देवांगन, तानिया साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी को अध्यक्ष एलएल साहू, रामदिल वर्मा, टीआर हिरवानी, चंद्रकांत देवांगन, मानिक गुप्ता, युगराज जैन, जेआर साहू, बहुर सिंग साहू, मुरली प्रसाद साहू, हरिशंकर साहू , विरेन्द्र हिरवानी, राकेश साहू, सरपंच मिथलेश कुमार साहू आदि ने बधाई दिया है।

## सार समाचार

### दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**राजनांदगांव।** 38वीं छत्तीसगढ़ एनसीसी बटालियन राजनांदगांव के तत्वावधान में जेएलएम गायत्री विद्यापीठ राजनांदगांव में दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में राजनांदगांव, मानपुर-मोहला-चौकी एवं कवर्धा जिलों के 7 महाविद्यालय एवं 9 विद्यालय से लगभग 573 कैडेटों ने प्रशिक्षण प्राप्त करने हिस्सा लिया। शिविर 38वीं छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी के लेफ्टिनेंट कर्नल विवेक कुमार, कैम्प कमांडेंट के मार्गदर्शन में प्रारंभ हुआ। कैम्प में दस दिनों तक कैडेटों को विभिन्न प्रशिक्षणों से रूबरू कराया जाएगा। कैम्प में एनसीसी अधिकारी, प्राध्यापक एवं यूनिट के सभी स्टाफ भाग ले रहे हैं।

### जय भवानी व्यायाम शाला में प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

**राजनांदगांव।** ग्रीष्मकालीन भारोत्तोलन (वेट लिफ्टिंग) खेल प्रशिक्षण शिविर खेल युवा कल्याण विभाग एवं जय भवानी व्यायाम शाला द्वारा जय भवानी व्यायाम शाला में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण शिविर 21 दिवसीय निःशुल्क संचालित किया जा रहा है। शिविर के संबंध में जिला भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष अमित आजमानी ने बताया कि उक्त शिविर में छोटे-छोटे बालक, बालिका, बच्चों को खेल के प्रति बढ़ावा देने तथा शहर व गांव के बच्चों को ज्यादा से ज्यादा इसका लाभ मिले, इस उद्देश्य से यह शिविर रोजाना सुबह 6 से 8 बजे तक रहेगा। स्थानीय जय भवानी व्यायाम शाला में 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन भारोत्तोलन (वेट लिफ्टिंग) का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी जय भवानी व्यायाम शाला के सहसचिव अशोक श्रीवास व नीरज शुक्ला ने दी।

### कक्षा पांचवी में योगिता प्रथम

**राजनांदगांव।** सहसपुर दल्ली प्राथमिक शाला का परीक्षा परिणाम घोषित



किया गया। कक्षा 5वीं में कुमारी योगिता प्रथम, देवकुमार द्वितीय, कक्षा 4थीं में कल्पना वर्मा प्रथम, पायल विश्वकर्मा द्वितीय, कक्षा 3रीं में हर्षदीप साहू प्रथम, पुष्पा मंडावी द्वितीय, कक्षा 2रीं में गणिका प्रथम, रिया पाल द्वितीय, कक्षा 1लीं में विनीता साहू प्रथम, तेजप्रताप ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।उत्तीर्ण विद्यार्थियों को सरपंच प्रदीप वर्मा, उपसरपंच धरम नेताम, एसएमसी अध्यक्ष श्रीमती नीता छेदावी, प्रधान पाठक जितेन्द्र कुमार हिरवानी, श्रीमती शबनम खान एवं मोहम्मद इकबाल खान सहायक शिक्षक संकुल समन्वयक अवध राम वर्मा ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## सरस्वती शिशु व उमा विद्या मंदिर का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**राजनांदगांव।** स्थानीय सरस्वती शिशु/उ.मा. विद्या मंदिर राजनांदगांव का वार्षिक परीक्षा परिणाम गत दिनों घोषित किया गया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम घोषित करते संस्था प्राचार्य बंशीलाल कश्यप ने बताया कि आगामी वर्ष में नई शिक्षा नीति लागू होगी। जिसमें भैया/बहन अपनी रूचि के अनुसार शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। विद्यालय में नए प्रवेश प्रारंभ कर दिया गया है। इस वर्ष विद्यालय के कामठी लाईन शाखा में अंग्रेजी माध्यम शुरू कर दिया गया है। कक्षा अरूण में आदित्य साहू, मान्या टेम्भेकर, योगिता साहू 100 प्रतिशत, ठनिष्का राजपूत 99.5 प्रतिशत, रिद्धिमा शर्मा 99 प्रतिशत, युग निर्मलकर 99 प्रतिशत, कक्षा उदय में अंकित कुमार साहू 100 प्रतिशत, वेदप्रकाश सोनकर 100 प्रतिशत, खुशीमा साहू 100 प्रतिशत, काव्या यादव 100 प्रतिशत, क्षमा धनकर 99.5 प्रतिशत, रोहन कुमार यादव 99.5 प्रतिशत, कान्हा चंद्राकर 99 प्रतिशत, लक्ष्य सोनकर 99 प्रतिशत, टिकेश साहू 99, तुषार साहू 99 प्रतिशत, कक्षा प्रथम में रागिनी दास 100 प्रतिशत, सत्यम साहू 100, तिलोक भंडारी 100 प्रतिशत, तुलसी सिन्हा 99.5 प्रतिशत, डेमिन उके 99 प्रतिशत, रिद्धि यादव 99 प्रतिशत, मोक्ष सिन्हा 99 प्रतिशत, कक्षा द्वितीय यशस्वी साहू 100 प्रतिशत एवं काव्या यादव 99.5 प्रतिशत, पायल खुटे 99.5 प्रतिशत, हार्दिका यादव 99 प्रतिशत, निविश कतलम 99 प्रतिशत, कक्षा तृतीय रोशनी साहू 99 प्रतिशत, जानवी पटेल 97 प्रतिशत, अक्षिता कसार 96.5 प्रतिशत, कक्षा चतुर्थ में मानसी साहू 100 प्रतिशत, वीरा ठाकुर 99.5, नीरज यादव 99 प्रतिशत, कक्षा पंचम में आर्यन पटेल 99.5 प्रतिशत, पावनी साहू द्वितीय 98.5 प्रतिशत, दिक्षा सोनकर 96.5, कक्षा षष्ठः में गायत्री साहू 95.83 प्रतिशत, कबीर कुमार कन्नौजे 91.6 प्रतिशत, हर्ष कुमार साहू 85, कक्षा सप्तम में लोमेश भंडारी 98.33, लक्ष्मी साहू 86.66 प्रतिशत, हिमेश साहू 86.5 प्रतिशत, कक्षा अष्टम में मोहनीश साहू 97.66, परी हरिहारनो 93.37 प्रतिशत, प्रबुद्ध खोब्रागढ़े 86.83 प्रतिशत, कक्षा नवम में भूपेन्द्र साहू 98.6 प्रतिशत, देवदत्त उइके 95.3 प्रतिशत, डॉली साहू 94.6, कक्षा एकादश में बायो संकाय में साक्षी शेंडे 98.2, भारती देवांगन 90.8 प्रतिशत, चैतन्य कुमार साहू 81.4 प्रतिशत, गणित संकाय में दिव्यांजली देवांगन 95.2 प्रतिशत, ऋषि साहू 93.6 प्रतिशत, हिमांशी यादव 90.8 प्रतिशत समस्त उत्तीर्ण भैया/बहनों को संस्था अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सचिव, प्रधानाचार्य ने शुभकामनाएं दी।

### शासन प्रशासन के नियमों की अधिकारी उड़ा रहे हैं धज्जियां

# टीएल की बैठक में नदारद रहे सात अधिकारी नाराज कलेक्टर ने जारी की शो-कॉज नोटिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

समय सीमा की बैठक में बिना आधिकारिक जानकारी के अनुपस्थिति और अपना प्रतिनिधि भी नहीं भेजने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा शो-कॉज नोटिस जारी किया गया है। गौरतलब है कि शासन के नियमों व प्रशासन के दिशा निर्देशों को जिले के कुछ अधिकारी हवा में उड़ा रहे हैं। लापरवाह व आराम तलब अधिकारियों को ना तो शासन के नियमों का डर हैं और न जिले के मुखिया कलेक्टर का खौफ और यही कारण है कि बार-बार जरूरी कार्यों से जिले के प्रशासनिक अधिकारी अपना मन चुराते हैं और तरह-तरह बहाने बनाकर जरूरी बैठकों से गायब रहते हैं।

#### ये हैं बैठक से गायब रहने वाले लापरवाह

शोकॉज नोटिस जारी होने वालों में बृजेश पटौरिया कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग एडीबी दुर्ग, सहदेव सोनवानी कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जिला केसीजी, पवन मेश्राम मंडी सचिव कृषि उपज मंडी गंडई, सुदेश सिंह मंडी सचिव कृषि उपज मंडी खैरागढ़, पूर्णिमा गुप्ता सहायक अभियंता क्रेडा राजनांदगांव, सौरभ ताम्रकार अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा छुईखदान, आरके राठौर अनुविभागिय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा खैरागढ़ का नाम शामिल। संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित नहीं होने और प्रतिनिधि नहीं भेजने पर नोटिस जारी हुआ है। दरअसल जिला कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा प्रत्येक मंगलवार को समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय समीक्षा करते है. वर्तमान में कुछ विभाग का संचालन पूर्व जिलों से हो रहा है। साथ ही संबंधित अधिकारियों को समय सीमा की बैठक के पूर्व सूचना दी जाती है, किन्तु समय सीमा की बैठक में उनकी अनुपस्थिति की वजह से उस विभाग की जानकारी नहीं मिल पाती साथ ही उस विभाग से किसी प्रतिनिधि की उपस्थिती भी नहीं होती है जिस पर कलेक्टर ने फटकार लगाई है और इसे शासकीय आदेशों की अवहेलना व लापरवाही का द्योतक मानते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने कहा है।

## लोकसभा चुनाव की ड्यूटी में लापरवाही करने वाले 47 कर्मचारियों को नोटिस जारी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत वर्मा के निर्देश पर चुनाव ड्यूटी में लापरवाही करने वाले जिले के 47 अधिकारी-कर्मचारियों को जिला निर्वाचन कार्यालय ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल द्वारा सम्बंधित अधिकारी-कर्मचारियों को नोटिस जारी करते हुये 24 घंटे के भीतर कारण सहित संतोषप्रद जवाब मांगा गया है वहीं नोटिस का स्पष्ट एवं समयावधि में जवाब नहीं मिलने पर संबंधितों के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कारवाई करने की चेतावनी दी गई है। गौरतलब है कि जिला निर्वाचन कार्यालय से जारी नोटिस के अनुसार विभिन्न विभागों में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के लिये मतदान दल में लगाई गई थी और विधिवत तीन चरणों में प्रशिक्षण प्रदान किया गया था।

#### ऐन वक्त पर चुनाव ड्यूटी से हुए थे नदारद

ऐन चुनाव के दौरान तबियत खराब होने सहित अलग-अलग तरह के बहाने बनाकर 47 लोग मतदान के एक दिन पूर्व 25 अप्रैल को रवानगी के समय ड्यूटी पर जाने से इंकार कर दिया था जिसके चलते निर्वाचन कार्यालय के सामने विकट समस्या आ गई थी। हालांकि रिजर्व मतदान दल के अधिकारी व कर्मचारियों की व्यवस्था करते हुए मतदान केन्द्र के लिए दलों को रवाना करना पड़ा। इससे अनावश्यक विलम्ब और अव्यवस्था हो गई थी वहीं मतदान केन्द्र के नक्सल मामलों में संवेदनशील होने की कारण से सुरक्षा व्यवस्था में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा।

#### शासकीय कर्तव्य के प्रति लापरवाही का आरोप

जिला निर्वाचन कार्यालय ने कहा है कि लापरवाह 47 अधिकारी कर्मचारियों का यह कृत्य शासकीय कर्तव्य के प्रति उदासीनता एवं गंभीर लापरवाही का प्रतीक है। इस प्रकार छग सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के उपनियम 3 एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 में निहित प्रावधानों का उल्लंघन किया गया है, जो कदाचरण की श्रेणी में आता है तथा छग सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के तहत दण्डनीय है. साथ ही नोटिस में कहा है कि कारण बतायें कि क्यों न उपरोक्त गंभीर लापरवाही एवं कदाचरण के लिए अनुशासनात्मक कारवाई करते हुए इस गंभीर लापरवाही को सेवा पुस्तिका में इंद्राज किया जाए। अपर कलेक्टर प्रेमकुमार पटेल ने इसे कदाचार की श्रेणी में लाते हुए नदारद रहने वाले कर्मियों में इंदिरा कला संगीत विवि के 10, विकासखंड शिक्षा विभाग खैरागढ़ के 24, विकासखंड शिक्षा विभाग छुईखदान के 12 तथा वनविभाग खैरागढ़ के एक कर्मी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

## महीनेभर में ही दम तोड़ दी दो करोड़ की सड़क

### ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के ग्राम सोनपुरी से भीमपुरी तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना मे महीने भर पहले लगभग 184.18 लाख रूपए की लागत से बने सड़क ने दम तोड़ दिया है। योजना तहत 4 किलोमीटर तक पक्की सड़क का निर्माण महीने भर पहले ही पूरा हुआ है लेकिन निर्माण एजेंसी की लापरवाही और गुणवत्ता की विभागीय अधिकारियो की अनदेखी के चलते सड़क पर पैदल चलना दूभर हो गया है। बाजार अतरिया से सोनपुरी और फिर अंदर रास्ते से सोनपुरी जाने के लिए ग्रामीणों की काफी मांग के बाद सड़क बनी है, लेकिन उसका वाजिब लाभ मिलने से पहले ही सडक्र जगह जगह से खसताहाल हो गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि सडक्र निर्माण के समय ठेकेदार के द्वारा ठीक से पानी तराई और रोलर का काम नहीं किया गया है। जबकि सड़क निर्माण में मुरुम डालने के समय और गिट्टी डालने के समय रोलर चलाना जरुरी है इसलिए जब सड़क में पानी की तराई नही हुआ है तो बेहतर सड़क बनना काफी कठिन है। निर्माण एजेंसी द्वारा साइड सोल्डर में भी ठीक से मुरुम नहीं डाला गया है, ठीक से रोलर नहीं चलाया गया जिसके चलते अभी से सड़क का किनारा दबने लगा है।

#### हैवी लोड गाड़ियों की आवाजाही बता रहे कारण

ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण के दौरान विभागीय अधिकारियों ने निर्माण एजेंसी को



काम मे लापरवाही बरतने की पूरी छूट दे रखी थी। पूरे निर्माण के दौरान एकाध बार ही अधिकारी मौके पर आए जिसके कारण गुणवत्ता और मापदंडो का खुलेआम निर्माण एजेंसी ने अनदेखी की। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि सोनपुरी से हजारो ट्रिप बिना पंचायत प्रस्ताव के मुरुम का परिवहन अवैध रूप से किया गया। पंचायत को लाखो रूपए के राजस्व साथ खनिज विभाग को चूना लगाया गया है जबकि नियम मुताबिक प्रति घन मीटर के हिसाब से खनिज विभाग को रायल्टी पटाना था। ग्रामीण टोपू वर्मा, रोहित जंघेल, गणेश वर्मा सहित अन्य ने उचित जाँच कर कारवाई की मांग की है। वही विभागीय अधिकारियो का कहना है कि धान खरीदी के दौरान सडक्र पर धान परिवहन किया गया और हैवी लोड गाड़ियों की वजह से सड़क खराब हुआ है, जल्द रिपेयरिंग होगा।

### प्रदीप बने महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष

**राजनांदगांव।** महाराष्ट्र मंडल भवन में गत दिनों महाराष्ट्र मंडल के लिए चुनाव आयोजित किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से प्रदीप अवथनकर अध्यक्ष के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए। जिसके प्रस्तावक विजय शिल्लेदार एवं समर्थन संजय शेवलीकर द्वारा किया गया। चुनाव प्रकिया चुनाव अधिकारी विवेक ढ़ोक द्वारा सफल संचालन किया गया। कुछ दिनों पश्चात कार्यकारिणी सदस्यों की नियुक्ति होगी।

परिहार हॉस्पिटल कवर्धा
मदर एवं चिल्ड्रन हॉस्पिटल
PARIHAR HOSPITAL
➤ स्मार्ट कार्ड से निःशुल्क ईलाज
➤ किफायती दरों में नॉर्मल व सिजेरियन डिलीवरी
➤ नवजात शिशु व बच्चों के ईलाज की आधुनिक सुविधाएं
➤ निःसन्तान दंपतियों को परामर्श, जांच व ईलाज की सुविधा
➤ सभी प्रकार की जनरल व लेप्रोस्कोपिक सर्जरी (बच्चादानी, हर्निया, हाईड्रोसिल, पथरी, प्रोस्टेट व एपेंडिक्स) किफायती दरों में
सम्पर्क : 9753059148
परिहार हॉस्पिटल मिनीमाता चौक, कवर्धा

### छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज की बैठक 5 को

**राजनांदगांव।** संयुक्त जिला राजनंदगांव, चौकी-मोहला मानपुर और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई की विशेष बैठक 5 मई को सुबह 11 बजे से यादव सामुदायिक भवन डोंगरगांव में आयोजित की गई है। बैठक में समस्त पदाधिकारीगण, संरक्षकगण, सभी क्षेत्र व सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों की उपस्थिति अति आवश्यक है। बैठक में सामाजिक नियमावली पर समीक्षा किया जाएगा।

### सोमनी में स्वास्थ्य शिविर 5 को

**सोमनी।** ग्राम सोमनी में आगामी 5 मई को क्षेत्रीय युवा प्रकोष्ठ सोमनी ब्लॉक के तत्वावधान में रक्तदान जागरूकता अभियान को बढ़ावा देने सतनाम ब्लड डोनेशन फाउंडेशन राजनांदगांव के मार्गदर्शन में विशाल रक्तदान शिविर व निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। रक्तदान शिविर में 100 रक्तदान का लक्ष्य रखा गया है। आयोजनकर्ताओ ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने आगे आए।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कानों की रिशेपिंग
जन्मजात, दुर्घटना या अन्य कारणों से कटे या टेढ़े-मेढ़े कानों की रिशेपिंग
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

प्रथम पुण्यतिथि
परिवार जिनका मंदिर था, स्नेह जिनकी शक्ति थी।
परिश्रम जिनका कर्तव्य था, परमार्थ जिनकी भक्ति थी।
स्व. पुनाराम जंघेल
आज प्रथम पुण्यतिथि (बैशाख सुदी दशमी संवत 2081) पर हम सभी विनम्र श्रद्धांजली अर्पित करते हैं
शोकाकुल परिवार : गैंदूराम जंघेल (पुत्र) हेमंत जंघेल (पौत्र), डॉ. हर्ष जंघेल (पौत्र), निपेश जंघेल (पौत्र), शुभम जंघेल (पौत्र) एवं
समस्त जंघेल परिवार रोड़ अतरिया, छुईखदान

#### खराब परिणाम से उठने लगी उंगलियां

# स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मिडियम स्कूल अंबागढ़ चौकी में 26 बच्चे फेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल अंबागढ़ चौकी में 9वीं और 11वीं अंग्रेजी माध्यम के छात्र-छात्राओं का रिजल्ट जारी किया गया है। जिसमें दोनों स्थानीय परीक्षा में कुल 26 छात्र बुरी तरह से फेल हो गए हैं। कक्षा 9वीं में 15 फेल, 09 पूरक और 11वीं में 11 फेल व 07 पूरक के साथ रिजल्ट घोषित किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार दोनों कक्षाओं को मिलाकर 10 से अधिक दो साल नियमित पढ़ने वाले बच्चे भी शामिल हैं। इनमें से अधिकाश बच्चे चौकी नगर के प्रतिष्ठित परिवार से आते हैं, जो स्कूल नियमित रूप से आते रहे हैं, फिर भी वे दो से अधिक विषयों में फेल हो गए हैं। स्कूल प्रबंधन द्वारा सालभर किस प्रकार से पालकों से पढ़ाई के संबंध जानकारी आदान-प्रदान किया गया था, संदेहास्पद प्रतीत होता है, तभी सरकारी अंग्रेजी मीडियम स्कूल का स्थानीय परीक्षा परिणाम निराशाजनक और चिंता के साथ-साथ जांच का विषय है।




#### अध्यापकों के बच्चे प्राईवेट स्कूलों में कर रहे पढ़ाई

जानकारी प्राप्त हुई है कि हजारों-लाखों रुपए का वेतन पा रहे अंबागढ़ चौकी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम एवं हिन्दी माध्यम में पढ़ाने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं के बच्चे प्राईवेट स्कूलों में अध्यनरत हैं। सरकार की अंग्रेजी शिक्षा देने की मंशा को पदस्थ कर्मचारियों ने बंटाधार करते सरकारी ढर्रे में ले आए हैं। जिसके चलते नगर में स्थापित आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की बेहद नकारात्मक रिजल्ट सामने आया है।

#### सालभर होती रही पढ़ाई छोड़ अन्य गतिविधियां

सेजेस समूह के स्कूलों में सालभर चलने वाले कार्यक्रमों का एलुमनी (विवरण) राज्य स्तरीय जारी होता है। जिसमे पढ़ाई के अंतर्गत मासिक टेस्ट, एफ ए-1, एफ ए-2, एस ए-1, 2 परीक्षाएं बच्चों की ली जाती है। उसके बाद भी बड़ी संख्या में छात्र-छात्राए फेल हो गए हैं। सालभर चलने वाली गतिविधियों में पढ़ाई छोड़ अन्य गतिविधियां अधिक ध्यान से करवाया गया। जिसके चलते अंबागढ़ चौकी आत्मानंद स्कूल की लोकल परीक्षा के परिणाम काफी निराशाजनक सामने आया है।

Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
वाहन है पर ड्राइवर नहीं है?
अपना ड्राइवर आज ही बुक करे
डेली या परमानेंट बेसिस पर
7837411411
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
Since-2007
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### सरस्वती शिशु मंदिर की छात्रा दीक्षा मिश्रा नें 95.50 प्रतिशत अंकों से साथ प्रथम स्थान रहीं



**हरिभूमि पाण्डातराई।** नगर पंचायत पाण्डातराई स्थित सरस्वती शिशु मंदिर कक्षा आठवीं की अध्ययनरत छात्रा दीक्षा मिश्रा पिता अजय मिश्रा ने 95.50 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा दीक्षा मिश्रा पहले से ही मेहनती व पढ़ाई लिखाई में होनेहार छात्रा थी, जो कि कक्षा आठवीं वार्षिक परीक्षा में 95.50 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिस पर परिणाम घोषित होने के बाद परिवार जनों एवं नगर गणमान्य नागरिकों ने बधाई एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।

### शासकीय प्राथमिक स्कूल मक्के में विद्यार्थियों को वितरित की अंकसूची



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला मक्के में विद्यार्थियों को मंगलवार को अंकसूची वितरण किया गया । स्कूल के प्रधान पाठक श्रीमती एलवीना विलसन ने बताया कि शिक्षा सत्र 2023-24 में विद्यालय में कक्षा पहली से पांचवी तक के सभी छात्र छात्राओं को अंकसूची वितरित की गई और सभी विद्यार्थियों को मिठाई व पुरस्कार दिया गया l इस अवसर पर स्कूल के शाला प्रबंधक समिति अध्यक्ष अयोध्या साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती दुखिया साहू, ग्राम पटेल कुमार साहू व पालक गण तथा प्रधान पाठक श्रीमती एलवीना विलसन एवं शिक्षक शिक्षिकाएं सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सोढ़ा में परीक्षा परिणाम घोषित, छात्र छात्राओं में उत्साह



**हरिभूमि पंडरिया।** पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सोढ़ा में परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें कक्षा 6वी से 8वी तक के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक देवानंद चंद्रवंशी ने बताया कि शिक्षा सत्र 2023-24 में छात्र छात्राओं का शानदार प्रदर्शन रहा विद्यार्थियों को अंकसूची का वितरण शाला विकास समिति अध्यक्ष एवं सदस्यों पालकों की उपस्थिति में किया गया। अंकसूची वितरण कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक आशिष मिश्रा, श्रीमती प्रतिमा पांडेय, श्रीमती मीरा चंद्रवंशी सहित पालक गण तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थें। ग्रामीणों व पालकों ने विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए अच्छे से पढ़ाई लिखाई व उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित किया साथ ही साथ खेल कूद के साथ पढ़ाई लिखाई की भी टिप्स दिए गए।

### शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मक्के में विद्यार्थियों को अंकसूची वितरित



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मक्के में विद्यार्थियों को मंगलवार को अंकसूची वितरण किया गया l स्कूल के प्रधान पाठक अशोक पांडेय ने बताया कि शिक्षा सत्र 2023-24 में विद्यालय में कक्षा छठवीं से आठवीं तक के सभी बच्चों को अंकसूची वितरित गई l इस मौके पर स्कूल के शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष श्रीमती दुखिया साहू, उपाध्यक्ष अयोध्या साहू, ग्राम पटेल कुमार साहू, सभी पालक व सदस्य तथा प्राथमिक शाला प्रधान पाठक श्रीमती एलवीना विलसन, पूर्व माध्यमिक शाला शिक्षक कपूर राम चंद्रवंशी, कौशल खाड़े, युगल किशोर सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे ।

### मजदूर है मजबूर नहीं, इनका सम्मान करना हमारा दायित्वः चंद्रप्रकाश घृतलहरे



**हरिभूमि बरबसपुर।** प्रदेश में 1 मई को विश्व मजदूर दिवस मनाया गया। वहीं ग्राम बरबसपुर संकुल क्षेत्र के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिंघनपुरी में प्रदस्त शिक्षक चंद्रप्रकाश घृतलहरे की अनोखी पहल देखने को मिली। शिक्षक चंद्रप्रकाश घृतलहरें हाथों में तख्ती लिए मजदूरों के सम्मान में कवर्धा के विभिन्न जगहों पर मजदूरों को प्रोत्साहित करते नजर आए, जिसमें मजदूर है मजबूर नहीं, इनका सम्मान करना हमारा दायित्व है। जिसमें चंद्रप्रकाश द्वारा काम करने वाले मजदूर के साथ मिलकर हौसला अफजाई करते नजर आए। मजदूर हाथ दिखाकर अपने होने का एहसास दिला रहे थे, वह मजबूती का परिचय दे रहे थे, कि हम मेहनती हैं और मेहनत करके ही खाते है और जब तक हाथ सलामत है हम सक्षम हैं और यही हमारी ताकत है। हम किसी की गुलाम नहीं हैं और ना ही मजबूर है, हम स्वतंत्र हैं ऐसा परिचय दिया जा रहा था साथ ही साथ चंद्रप्रकाश घृतलहरें ने महिला मजदूर वह पुरुष मजदूर के साथ जाकर स्वयं हैंड दिखाएं और उसके साथ आत्मीय रूप से जुड़े नजर आए कवर्धावासियों ने भी मजबूत मुट्ठी दिखाकर मजदूर दिवस के दिन सम्मान दिया सभी मजदूर बहुत खुश नजर आए वह अपने आप को सम्मानित महसूस कर रहे थे और अपना समर्थन दे रहे थे सभी मजदूर मजदूर दिवस के दिन जो चौंक चौराहों में आते हैं वह भी खुश नजर आए सफाई कर्मी महिलाएं भी इस शहर से खुश नजर है और चंद्रप्रकाश के साथ जुड़ती नजर आए। इस पल से कवर्धा के सम्मानित मजदूर में आत्मविश्वास वह खुशी आंख से झलक रही थी और यह पहला मजदूरों की हासिल बढ़ाने में सार्थक साबित होती नजर आई। श्री घृमलहरें का यह पल 26 अप्रैल को भी मतदाताओं को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती नजर आई थी।

**परेशानियां:** तेज भीषण गर्मी व उमस से आम नागरिक परेशान, नही कर रहें पंखा-कूलर काम

# सूर्य देव के तीखे तेवर, तापमान 41 डिग्री तपिश के साथ झुलसा रही गर्म हवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

अप्रैल-मई के महिनों में सूर्य की तेज किरणों तपिश से जिले में भीषण तेज गर्मी पड़ रही है। लगभग पखवाड़े भर से अधिकतम तापमान 40 डिग्री से उपर दर्ज किया जा रहा है। साथ ही साथ अलावा तेज व गर्म हवाएं भी चल रही है। जिसकें कारण वातावरण गर्म व हवाएं गर्म हो गई है। इसका असर रात में भी अहसास हो रहा है। गुरुवार की सुबह से तेज धूप निकली, दिन चढ़ने के साथ तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई।

तेज धूप के साथ गर्म हवाओं थपेड़े चल रही है। इस कारण सुबह आम नागरिक 10-11 बजे के बाद लोग घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। लोग सुबह नौ बजे से पहले ही जरूरी काम काज निपटा कर घरों में गर्मी से राहत पाने के लिए वातानुकुलित मशीन, कूलर, पंखा के नीचे ठंडी हवाओं का सहारा ले रहें है। मिली जानकारी के अनुसार इस तेज व भीषण गर्मी में लोग दोपहर लगभग 12 बजे से शाम चार बजे तक घर से बाहर निकलने से लोग बचते रहे, जरूरी कार्य होने पर सिर, चेहरा व कान-नाक ढंककर बाहर निकले। मौसम विभाग ने बुधवार को अधिकतम तापमान 40.7 डिग्री दर्ज किया, वहीं न्यूनतम तापमान बुधवार की अपेक्षा गुरुवार को बढ़ोतरी के साथ 26.4 डिग्री दर्ज किया गया। आने वाले तीन से चार दिनों भीतर तापमान में और बढ़ोतरी का अनुमान लगाया जा रहा है।



#### लू के लक्षण वाले मरीज आ रहे सामने

भीषण तेज गर्मी व गर्म हवाओं का असर लोगों के स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। जिले के सरकारी व निजी अस्पतालों में मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। वहीं सरकारी व निजी अस्पतालों में ज्यादातर मरीज लू के लक्षण वाले मरीज सामने आ रहे हैं। चिकित्सकों की ओर से लोगों को सीधे धूप में आने से बचने की सलाह दे रहे हैं। जैसे की लू लगने से लक्षण सामने आने पर तत्काल मेडिकल सहायता लेनी चाहिए, इसके साथ ही कुछ घरेलू उपचार भी तत्काल राहत पहुंचा सकते हैं। इसमें कच्चे आम, इमली से तैयार पेय, एलोवेरा का जूस, नारियल पानी, छाछ, पुदीना और धनिया का जूस या प्याज का रस पीने से राहत मिलती है साथ ही बाहर निकलने पर सूती के वस्त्र पहनने और चेहरे व कान नाक ढंकने की सलाह दिया जा रहा है।

## घरों-घर नल कनेक्शन अनुपयोगी, ग्रामीण परेशान

### पेयजल के लिए भटक रहे जेवड़न खुर्दवासी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

कवर्धा जिला मुख्यालय अंतर्गत ग्राम पंचायत जेवडन खुर्द स्थित है जहां शासन प्रशासन द्वारा घरों घर जल जीवन मिशन अंतर्गत घर नल कनेक्शन कराया गया लेकिन विभागीय अधिकारियों की अनदेखी का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

ग्राम पंचायत जेवड़न खुर्द के ग्रामीणों को जल जीवन मिशन नल कनेक्शन योजना का लाभ नहीं मिलने से ग्रामीण परेशान है। वहीं जल जीवन मिशन नल कनेक्शन शोपीस की तरह खड़ी है। साथ ही साथ जिम्मेदारों द्वारा पानी टंकी का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जो कि आधा अधूरा निर्माण कार्य होने के कारण जल जीवन मिशन योजना के लाभ से वंचित है। वहीं दूसरी ओर भीषण गर्मी जैसे-जैसे बढ़ रहा है वैसे वैसे पानी का लेवल नीचे जा रहा है, जिनके कारण ग्राम जेवड़न खुर्द के ग्रामीण हैंडपंप के सहारे गुजर बसर करने मजबूर है। वहीं ग्रामवासियों नें जिम्मेदारों व विभागीय अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने तथा हैंडपंप की सुधार तथा मरम्मत कार्य कि मांग की ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।

## महिलाओं के लिए न्याय की बात करने वाले अपनी ही पार्टी की महिला प्रवक्ता से कर रहे अन्यायः विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



कांग्रेस की प्रेस कांफ्रेंस लेने राजधानी रायपुर आई कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता व नेत्री राधिका खेड़ा के साथ छत्तीसगढ़ कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला द्वारा किए गए दुर्व्यवहार और अपमान को लेकर भाजपा पार्टी द्वारा लगातार निंदा की जा रही है।

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा भी एक महिला के साथ हुए इस अपमान की निंदा करते हुए कहा कि मैं इसे एक राजनैतिक विषय नहीं बल्कि एक महिला होने के नाते एक महिला के अपमान के रूप में कहना चाहती हूँ कि कांग्रेस पार्टी महिलाओं के न्याय की बात करती हैं, लेकिन जब उनकी ही पार्टी के नेता अपनी ही पार्टी की महिला प्रवक्ता के साथ ऐसा दुर्व्यवहार करते हैं और उनका अपमान करते हैं तो आखिर किस मुंह से वो महिला न्याय की बात करते हैं? सोशल मीडिया में जो विडियो हमने देखा जिसमें वह रोती-बिलखती अपनी पीड़ा व्यक्त कर रहीं हैं, उन्हें किस तरह अपमानित किया गया वह जाहिर कर रही हैं। इससे स्पष्ट है की कांग्रेस पार्टी महिलाओं का सम्मान नहीं बल्कि उन्हें केवल वोट बैंक के लिए भ्रमित कर रही हैं। राधिका खेड़ा के साथ जो भी हुआ वह अत्यंत ही निंदनीय है। उन्होने कहा कि सोशल मीडिया में उन्होंने जो लिखा है वह भी मैनें देखा। कांग्रेस पार्टी के संचार प्रमुख सुशिल आनंद शुक्ला द्वारा किए गए इस अभद्र व्यवहार से न केवल राधिका खेड़ा का अपमान हुआ है बल्कि यह हम सभी महिलाओं और छत्तीसगढ़ का भी अपमान है।

कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी महिला सुरक्षा के लिए बड़ी-बड़ी बातें करती हैं, उनके स्वागत के लिए सड़कों को फूलों से सजाया जाता है, लेकिन जब उनकी ही पार्टी की महिला राष्ट्रीय प्रवक्ता का अपमान किया जाता है तो वो चुप क्यों है? कांग्रेस के नेता भी इस पूरे मामले में अपनी चुप्पी साधे हैं और जिसने अपमान किया है उसकी सुरक्षा और वकालत करने में पार्टी के बड़े नेता लगे हुए हैं। राधिका खेड़ा ने सोशल मीडिया में एक पोस्ट किया है कि छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भी सुशिल आनंद शुक्ला को बचाने में लगे हुए हैं, जिससे कांग्रेस की महिला विरोधी मानसिकता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। वहीं कांग्रेस के नेता इसे सामान्य सी घटना बता रहें हैं, यह बहुत ही गलत और एक महिला का उपहास है। कांग्रेस पार्टी और उनके नेता चुनाव आते ही महिलाओं के लिए बड़ी-बड़ी बातें और घोषणाएं कर रहें हैं, महिला न्याय की बात कर रहें हैं, लेकिन जब उनकी ही पार्टी की प्रवक्ता के साथ उनके ही नेता ऐसा दुर्व्यवहार कर रहें हैं, अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर उनकी अस्मिता का उपहास कर रहें हैं तो जरा सोचिए कि बाकि महिलाओं के साथ उनका व्यवहार कैसा होगा? कांग्रेस की पूरी नीति और कार्यशैली ही रही है की नारी शक्तियों का अपमान करना और उन्हें आगे बढ़ता देख उनमें टीस पैदा होना।

इससे पहले भी कांग्रेस पार्टी की प्रवक्ता प्रियंका चतुर्वेदी के साथ उन्ही की पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं द्वारा बदसलूकी की गई, उन्होंने शिकायत भी लेकिन अपमानित करने वालों को कांग्रेस ने दिखावे के लिए निष्काषित तो किया लेकिन फिर पार्टी में वापस ले लिया, इससे दुखी होकर प्रियंका चतुर्वेदी ने कांग्रेस पार्टी छोड़ दी। अंगकिता दत्ता जिन्होंने अपनी पार्टी के नेता पर उत्पीड़न का आरोप लगाया तो उन्हें पार्टी से निष्काषित कर दिया गया, आज भी वही अपमान राधिका खेड़ा के साथ हुआ है और वह अपने अपमान के लिए आवाज उठा रहीं हैं लेकिन कांग्रेस के नेता इसे सामान्य घटना बताकर उनका उपहास कर रहें हैं यह बहुत ही निंदनीय है।

#### कांग्रेस महिला विरोधी हैः भावना बोहरा

श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में उनकी राष्ट्रीय स्तर की महिला प्रवक्ता ही सुरक्षित नहीं है तो क्या कांग्रेस के राज में महिलाएं सुरक्षित रह पाएंगी? कांग्रेस अपने महिला प्रवक्ता के साथ न्याय नहीं कर सकती तो देश की महिलाओं को क्या न्याय देगी। जो महिलाओं को अपने घर में सम्मान नहीं दे पा रहे, जिस पार्टी की महिलाओं की सिसकियां उनके कार्यालयों में गूंजती हो, उस पार्टी से महिला सुरक्षा की अपेक्षा अतिश्योक्ति है। जिस तरह से राधिका खेड़ा का कांग्रेस भवन के अंदर रोते हुए वीडियो सामने आया है। उन्हें उस परिस्थितियों का सामना करना पड़ा है, ये बताता है कि कांग्रेस में महिलाओं का क्या सम्मान है। इस पूरे घटनाक्रम से यह स्पष्ट होता है की कांग्रेस पार्टी में पुरुषवादी मानसिकता अभी तक हावी है और कांग्रेस महिला विरोधी है।

## शहर की सुंदरता पर लगा रहा ग्रहण, अनुमति से दोगुनी संख्या में शहर में लगे होर्डिंग बैनर

- विभागीय व जिम्मेदारों की भारी अनदेखी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा




शहर की मुख्य सड़कों व चौंक चौराहों पर लगे अवैध होर्डिंग शहर की सुंदरता को बिगाड़ रहे है। जगह-जगह खंभों में अवैध तरीके से होर्डिंग-बैनर लगाएं जा रहे हैं। मुख्य-सड़क मार्ग पर लगे होर्डिंग व फ्लैक्स से छोटी बड़ी दुर्घटना की अशंका बना हुआ है, क्योंकि मुख्य मार्गो पर बड़े-बड़े होर्डिंग-बैनर लगे रहते हैं, जो कि वाहन चालकों को अपनी तरफ आकर्षित करते हैं। कई वाहन चालक सड़क हादसे का शिकार हो रहे हैं, तभी इस ओर जिम्मेदार विभाग मुख्य मार्गो पर लगे होर्डिंग-बैनर पर रोक नही लगाई गई है। यहां बताना लाजिमी होगा कि राजनीतिक पार्टी हो या व्यावसायिक संस्थान सभी ने चौक-चौराहों को भी नही छोड़ा है। विभिन्न स्थानों में डेढ़ सौ से अधिक बड़े होर्डिंग-बैनर लगे है। लेकिन जिम्मेदार व विभागीय इससे कम ही लोगों ने ही होर्डिंग लगाने अनुमति ली है। जहां शहर के प्राइम लोकेशन में इनसे अधिक लाभ आय होनी थी वहां सिर्फ नुकसान होता दिख रहा हैं। नगर पालिका ने शहर में होडिंग व फ्लैक्स आदि लगाने के लिए स्थान निर्धारित किए हुए हैं, मगर व्यावसायिक संस्थानों व राजनीतिक पार्टियों के कारण राजस्व का नुकसान हो रहा हैं।

### न्यायालय तहसीलदार तहसील पिपरिया, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

**।। ईश्तहार ।।**

रा.प्र.क्रं.-ब/121 वर्ष 2023-24
ग्राम-बारदी प.ह.नं.-10

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि-आवेदक ओमकार पिता बीरबल चन्द्रवंशी जाति कुर्मी निवासी ग्राम बारदी तहसील पिपरिया जिला कबीरधाम द्वारा आवेदित भूमि का पूर्व में जारी ऋण पुस्तिका गुम हो जाने से डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका जारी कराने हेतु आवेदन पेश किया गया है। ग्राम बारदी प.ह.नं. 10 रा.नि.मं. पिपरिया में स्थित भूमि ख.नं. 38/5, 189/2, 279/2 रकबा क्रमशः 0.093, 0.117, 0.413 हे. कुल रकबा0.623 हे. भूमि संयुक्त नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का पूर्व से ऋण पुस्तिका गुम हो जाने से डुप्लीकेट किसान-किताब जारी कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त आवेदित भूमि के डुप्लीकेट किसान-किताब जारी करने के संबध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी तिथि तक अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त दावा /आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाक 03.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 08.04.2024
पेशी तिथि - 10.05.2024

मुहर — तहसीलदार पिपरिया

### पालकों की बैठक लेकर किया जन जागरूक

**हरिभूमि बरबसपुर।** शासकीय हाई स्कूल राम्हेपुर कला में परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव को दूर करने हेतु पालकों की बैठक आयोजित किया गया तथा पालकों से संपर्क किया गया। जिसमें पालकों को समझाया गया कि वर्तमान में कक्षा 9वी की परीक्षा परिणाम घोषित किया गया कक्षा10वी की लगभग 10 मई तक परीक्षा परिणाम आने की संभावना है। अतः ऐसे समय में छात्र छात्राओं को किसी भी प्रकार की तनाव या दबाव में बच्चे ना रहे। इसका पालकों को विशेष ध्यान व पालकों को अपने बच्चों को देखना है कि बालक या बालिका गुमसुम तो नहीं रहती, बालक-बालिकाओं की व्यवहार में कोई परिवर्तन तो नहीं दिखाई दे रहा है, छात्र-छात्राएं चिंतित नजर तो नहीं आ रहे हैं यदि इस तरह लगे तो पालकों को चाहिए कि छात्र-छात्राओं की ध्यान दें उसे समझाएं की सब ठीक होगा चिंता करने की बात नहीं है असफल भी हो गए तो कुछ भी नहीं होगा। आपका यह अंतिम परीक्षा नहीं है पूरा जीवन अभी भरा पड़ा है। अतः तनाव दबाव न ले निश्चित रहे ऐसे बोलकर बच्चों को तनाव से दूर करने की प्रयास करें। बालक-बालिकाओं को मानसिक व शारीरिक रूप से दबाव न डालते हुए उसे परीक्षा परिणाम से होने वाले तनाव को दूर करने प्रयास करें एवं निगरानी करें। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य एमआर कोमरे एवं आरके साहू, सुखू साहू सरपंच प्रतिनिधि, सुखीराम पाली, अशोक पाली, टीकाराम साहू, भागवत साहू, दुर्गा पाली, तीजराम साहू, मोहित साहू, रामचंद्र यादव, हीरा कोसले जनपद सदस्य बोड़ला, अशोक बंजारे, लालाराम जोशी, नारद जोशी, ऋषि मिश्रा इन सभी पालकों से संपर्क कर जागरूकता हेतु प्रेरित किया गया।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

ज्योतिषी
बना बनाया काम बिगड़ना, ऊपरी हवा, पति पर स्त्री के वस में होना, शराब छुड़ाने की गारंटी, वशीकरण मोहनी की गारंटी के साथ घरेलू समस्या, बच्चों का मन पढ़ाई में न लगना, शादी विवाह में अड़चन, प्रेम विवाह, सभी समस्या का निवारण, तंत्र-मंत्र वैदिक पद्धिति के द्वारा स्थायी हल।
पता- दीपक महाराज
रायपुर नाका, घोठिया रोड ज्योति विद्या मंदिर हाईस्कूल के पीछे कवर्धा
Mo. 9300415345

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

**शुभारंभ:** तेंदूपत्ता तोड़ाई का श्री गणेश 5 मई से, संग्राहकों में उत्साह

# इस बार तेंदूपत्ता संग्राहकों की बल्ले-बल्ले, मिलेगी बढ़ी दर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले में अमुमन तेंदूपत्ता की तोड़ाई का कार्य 1 मई से प्रारंभ कर दिया जाता है लेकिन इस बार तेंदूपत्ता तोड़ाई का श्री गणेश 5 मई से किया जा रहा है। जिसकी जिले की सभी 19 समितियों में तैयारियां पूरी कर ली गई है। बताया जा रहा है कि बीते वर्षो की अपेक्षा इस बार जिले के तेंदूपत्ता संग्राहकों में तेंदूपत्ता तोड़ाई को लेकर न सिर्फ भारी उत्साह देखने को मिल रहा है बल्कि वे 5 मई का बड़ी बेसर्बी से इंतजार भी कर रहे हैं। जिसकी दो मुख्य वजह हैं।

पहली तो ये कि इस बार प्रदेश की सत्ता परिवर्तन के बाद भाजपा के घोषणा पत्र के अनुरूप संग्राहकों को 4000 प्रति मानक बोरा के स्थान पर 5500 रूपए प्रति मानक बोरा की दर से भुगतान किया जाएगा जिससे संग्राहकों को सीधे तौर पर 1500 रूपए का लाभ होगा और दूसरा ये कि इस बार जिले में विपरीत मौसम के बावजूद तेंदूपत्ता का अच्छा उत्पादन हुआ है यही वजह है कि इस बार तेंदुपत्ता संग्राहकों में भारी उत्साह और खुशी देखने को मिल रहा है।

यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले के जिले के राजानवागांव, बोड़ला, सहसपुर, सिंघारी, मोतिमपुर, पंडरिया, कोदवा, कुकदुर, कामठी, खैरबना, तरेगांव, चिल्फी, खारा सहित अन्य वनांचल ईलाकों में हर साल मई माह के इस सीजन में उच्चकोटि के तेंदुपत्ता का भरपूर उत्पादन होता है और यही वजह है कि यहां के तेंदुपत्ता की मांग कर्नाटक सहित दूसरे राज्यों में होती है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बीते वर्षो तक ठेकेदार तेंदुपत्ता की तोड़ाई के पूर्व ही इसकी बोली लगाकर एडवांस में लघुवनोपज समीतियों से खरीदी कर लिया करते थे। इस बार भी समितियों द्वारा टेंडर जारी कर दिया गया है जो अधिकतम करीब 8000 रूपए प्रति मानक बोरा और न्यूनत करीब 4200 रूपए प्रति मानक तक गया है। जिससे शासन को भी अच्छे राजस्व की उम्मीद हैं।

### विपरीत मौसम में भी अच्छा उत्पादन



यहां बताना लाजिमी होगा कि इस वर्ष जिले में अप्रैल माह के शुरूआती दौर में जिले के मैदानी ईलाकों से लेकर वनांचल ईलाकों में बेमौसम बारिश के साथ ही ओला वृष्टि का भी कहर देखने को मिला है। जिसने कई वनोपज को भारी नुकसान भी पहुंचाया है। ऐसे में आशंका जताई जा रही थी कि बेमौसम बारिश और ओला वृष्टि से तेंदूपत्ता को भी भारी नुकसान होगा और उत्पादन पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। लेकिन इसे वनावासियों की किस्मत ही कहें विपरीत मौसम में भी तेंदूपत्ता का अंचल में जबरदस्त उत्पादन देखने को मिल रहा है। समिति

प्रबंधकों की माने तो तेंदूपत्ता पूरी तरह साफ सुथरा है जिसमें माता के दाग भी नहीं है। जिसे ठेकेदारों को खरीदने में कोई परेशानी नहीं है।

### अक्ती के बाद तोड़ाई में आएगी तेजी

समितियों से मिली जानकारी के अनुसार तेंदूपत्ता तोड़ाई का श्री गणेश वैसे तो पांच मई से कर दिया जाएगा। लेकिन तोड़ा की रफ्तार अक्ती त्यौहार के बाद ही बढ़ेगी। क्योंकि अक्ती तक वनांचल क्षेत्र के संग्राहक शादी ब्याह जैसे कार्यों में व्यस्त रहेंगे और फिर अभी भीषण गर्मी का भी दौर ऐसे में इसका असर तेंदूपत्ता तोड़ाई पर भी पड़ेगा।

## प्रदेशभर के टीबी मरीजों को दवा उपलब्ध कराने में डिप्टी सीएम ने निभाई शानदार भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रदेश में टीबी मरीजों के उपचार के लिए प्रयुक्त दवाईयों की समस्या के समाधान में अहम भूमिका निभाई। श्री शर्मा की पहल पर विगत लगभग डेढ़ माह से दवाईयों की कमी से जूझ रहे प्रदेशभर के टीबी मरीजों को बड़ी राहत मिली है।

गौरतलब है कि विगत लगभग डेढ़ माह से पूरे राज्य में नेशनल टीवी उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत टीबी मरीजों के उपचार हेतु प्रयुक्त दवाईयों की कमी हो गई थी। जिसका खामियाजा सीधे तौर पर टीबी पीड़ित मरीजों को भुगतनी पड़ रही थी। जानकारी के मुताबिक इस बात की जानकारी उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा को समाचार पत्र एवं जनसंपर्क के माध्यम से प्राप्त होने पर उन्होंने इसे बेहद गंभीरता से लेते हुए और मरीजों के हितों को ध्यान में रखते हुए संवेदनशीलता का परिचय दिया। उन्होने सीधे राज्य के स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों एवं केंद्र स्तर के अधिकारियों से संपर्क स्थापित किया एवं दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से आग्रह पूर्वक चर्चा कर इस गंभीर समस्या का समाधान के लिए सराहनीय प्रयास किए गए। जिसके परिणाम स्वरूप 1 मई 2024 से राज्य स्तर पर टीबी की दवाईयों का भंडारण प्रारंभ कर दिया गया। जिसके बाद अब छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिलों के सभी टीबी यूनिट में दवाइयों की उपलब्धता आगामी 3 माह के लिए भंडारण हेतु भेजे जानें का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। साथ ही सभी जिलों के स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि सभी उपचाररत टीबी मरीजों को दवाईयां उपलब्ध कराई जावे। निश्चित रूप से उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का यह प्रयास मानवीय संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

### जिले में कई टीबी मरीज

यहां बताना लाजिमी होगा कि कबीरधाम जिले में भी टीबी मरीजों की संख्या अच्छीखासी है और ये सभी टीबी से पीड़ित मरीज अपने ईलाज के लिए पूरी तरह से सरकारी उपचार पर ही निर्भर है। अगर वास्तव में इन गरीब और लाचार मरीजों को सरकारी उपचार भी नहीं मिल पता तो निश्चित रूप से इनके सामने एक गंभीर समस्या खड़ी हो सकती थी। लेकिन प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ऐसी नौबत आने से पूर्व ही अपनी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए सराहनीय कार्य किया है।

## खबर संक्षेप



### अवैध शराब बेंचते एक आरोपी गिरफ्तार

**पंडरिया।** पंडरिया पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध रूप से महुआ शराब बेंचने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए आरोपी से 6 ब्लक लीटर महुआ शराब जप्त की गई है। आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार को मुखबीर के जरिए पंडरिया पुलिस को सूचना मिली की ग्राम लाडंगपुर में कुमार राम पुसाम अपने घर में अवैध रूप से हाथ भट्टी से बने कच्ची महुआ शराब को अपने कब्जे में रख कर बिक्री कर रहा हैं। इस सूचना पर पंडरिया पुलिस ने रेड कार्यवाही कर आरोपी कुमारराम पुसाम पिता गिरवर पुसाम आयु 43 साल ग्राम लाडंगपुर थाना पंडरिया को दबोच लिया और आरोपी के कब्जे से 06 लीटर हाथ भट्टी से बने कच्ची महुआ शराब जप्त कर ली।

### सामाजिक केरियर काउंसलिंग 5 मई को

**बोड़ला।** गुरु कृपा युवा कल्याण समिति के तत्वाधान में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 5 मई 2024 दिन रविवार को अहिरवार समाज के विद्यार्थी जो शिक्षा सत्र 2023-24 में 10 वीं और 12 वीं की परीक्षा दिए हैं उन समस्त विद्यार्थियों को आगामी क्लास में विषय चयन और प्रोफेशनल कोर्स की पूरी जानकारी उपलब्ध कराने केरियर काउंसलिंग का आयोजन किया जाएगा। समाज का मानना है कि प्रायः देखा गया है कि उचित जानकारी के अभाव में छात्र ऐसे विषय का चयन कर लेते हैं जिसका उन्हें आगे काई लाभ नहीं मिल पाता जिससे पालक और बालक दोनों को नुकसान उठाना पड़ता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए गुरुकृपा युवा कल्याण समिति और समाज के सदस्यों ने यह पहल की है।

### बीसीए भाग-एक के परीक्षा परिणाम घोषित

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विवि ने बीसीए भाग एक वार्षिक परीक्षा-2024 के परिणाम जारी कर दिए हैं। इस पाठ्यक्रम की परीक्षा में कुल 860 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इसमें 373 उत्तीर्ण, 235 अनुत्तीर्ण, 243 पूरक व 8 यूएफएम व 1 रोके गए परीक्षा परिणाम शामिल हैं। परीक्षा परिणाम ओवरऑल 43.37 प्रतिशत रहा। नतीजे विवि की बेबसाइट पर अपलोड है। संबंधित विद्यार्थी विवि की वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

## मजदूरों को दी गई कानून की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव




01 मई अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर श्रमिकों की महत्ता बताते हुए उनके कानूनी अधिकार एवं शासन की योजनाओं द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का वर्णन किया गया। विधिक जागरूकता, साक्षरता शिविर में मजदूर दिवस की उत्पत्ति के बारे में यहां बताया गया कि पहले के दिनों में मजदूरों की हालात बहुत खराब थी, उन्हें कड़ी मेहनत करने और दिन में 12-18 घंटे तक काम करना पड़ता था। कार्यस्थल पर दुघटनाओं में चोटों एवं जन-धन हानि का सामना उन्हें एवं उनके परिवार को करना पड़ता था और उनके कार्यस्थल पर मूलभूत सुविधाओं की कमी होती थी। उनके द्वारा कड़ी मेहनत करने के बावजूद उन्हें पूर्ण पारिश्रमिक नहीं मिल पाता था, कार्य के अत्यधिक घंटे और सुविधाओं की कमी इनकी स्वास्थ्य समस्याओं की बढ़ती हुई संख्या ने इस समस्या को ठीक करने के लिए श्रमिकों संगठनों, यूनियन को जन्म दिया। आज स्थिति अलग है आज महिलाओं एवं पुरूषों को समान काम समान वेतन मिलता है कार्यस्थल पर सुविधायें प्रदान की जाती है। मातृत्व अवकाश, 8 घंटे कार्य एवं कार्यस्थल पर सुविधाएं एवं पूर्ण पारिश्रमिक श्रमिकों को मिल रहा है। विधिक जागरूकता, साक्षरता शिविर में श्रमिक अधिनियम, बाल श्रम अधिनियम एवं श्रमिकों से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण कानून की जानकारी के साथ ही शासन की योजनाओं से अवगत कराया गया। विधिक जागरूकता, साक्षरता शिविर आदिवासी मंगल भवन के पास कवर्धा, नगर पालिका के पास कवर्धा सहित ग्राम पंचायत रैतापारा, ग्राम पंचायत रूसे, ग्राम भेंन्दरा, ग्राम पंचायत घोटिया, मरका, छूही, समनापुर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कबीरधाम के सचिव राहुल कुमार के निर्देशन में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन पैरालीगल वालिन्टियर श्रीमती प्रभा गहरवार, चित्रा राडेकर, शालिकराम बांधवे, विजय राजपूत भगत यादव, दुलारूराम साहू, विजय नामदेव दीनदयाल कौशिक, किशन साहू के द्वारा किया गया।

## पानी की समस्या के बीच ग्रामीणों को मुंह चिड़ा रही पानी की टंकी

### दस साल पूर्व लाखों की लागत से बनाई गई थी टंकी

- भीषण गर्मी में बढ़ रही पानी की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव




भीषण गर्मी के दौर में बढ़ती पेयजल की किल्लत के बीच विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम पीपरमाटी घोरपेण्ड्री के ग्रामीणों को शासन की जल जीवन मिशन योजना मुंह चिड़ा रही है। स्थानीय ग्रामीणों की माने तो शासन ने यहां करीब दस वर्ष पूर्व लाखों रूपए की लागत से पीएचई विभाग के माध्यम से जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी का निर्माण कराया था और पाईप लाई बिछाई थी ताकि ग्रामीणों के घरों तक शुद्ध पेयजल पहुंच सके। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि प्रशासनिक एवं विभागीय उदासीनता के चलते बीते दस सालों बाद भी स्थानीय ग्रामीणों को इसका कोई लाभ नहीं मिल पाया है और गांव में विशालकाय पानी टंकी सिर्फ शो पीस बनकर खड़ी है। ग्रामीणों ने कहा कि इन दिनो भीषण गर्मी पड़ रही है और कहीं न कहीं ग्रामीणों को पेयजल तथा निस्तारी की समस्या उठानी पड़ रही है ऐसे में अगर इस पानी टंकी को चालू कर दिया जाता है तो निश्चित रूप से ग्रामीणों की पानी की समस्या समाप्त हो जाएगी। उन्होने शासन, प्रशासन तथा संबंधित विभाग से इस दिशा में कार्य करने की मांग की है।

## वेतन भुगतान में विलंब के लिए जिम्मेदार कौन, निर्देश का पालन क्यों नहीं ?

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के कवर्धा व पंडरिया ब्लॉक के लगभग दो हजार शिक्षकों को निर्धारित तिथि से दो दिन बाद मासिक वेतन प्राप्त हुआ है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने वेतन भुगतान में विलंब पर सवाल खड़ा करते हुए जिम्मेदारी तय कर उचित कार्यवाही की मांग की है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि छग शासन वित्त विभाग मंत्रालय नया रायपुर द्वारा 14 मार्च 2018 को जारी पत्र के अनुसार शासकीय कर्मचारियों के मासिक वेतन का भुगतान माह के अंतिम दो कार्य दिवसों में किए जाने का निर्देश है। इस पत्र में कार्य दिवस को भी स्पष्ट किया गया है। कार्य दिवस से तात्पर्य ऐसे दिन से है जिस दिन संवितरण कार्यालय तथा कोषालय व बैंक अपने सामान्य संव्यवहार हेतु खुले हों, जिससे राशि का आहरण एवं संवितरण उसी दिन साध्य हो सके। उन्होने बताया कि जिले के कवर्धा व पंडरिया बीईओ के माध्यम से वेतन पाने वाले लगभग दो हजार शिक्षकों को माह अप्रैल-2024 का मासिक वेतन माह के अंतिम दो कार्यदिवस में प्राप्त नहीं हो सका जिसके कारण कई शिक्षकगण गृह निर्माण सहित अन्य कार्यों के लिए लोन लिए हुए हैं, जिनको मासिक किश्त का भुगतान एक तारीख को करना होता है, लेकिन वेतन भुगतान में विलंब के कारण मासिक किश्त का भुगतान समय पर नहीं हो सका और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

## जेल में बंदियों के लिए विधिक जागरुकता शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे के मार्गदर्शन एवं निर्देश पर 01 मई 2024 को श्रमिक दिवस के अवसर पर जेल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राहुल कुमार ने बंदियों को कानूनी जानकारी देते हुए गिरफ्तारी पूर्व एवं गिरफ्तारी पश्चात उनके अधिकारों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तारी के पूर्व 24 घंटे के भीतर उनके परिवार वालों को सूचित किया जाना अनिवार्य है, गिरफ्तारी के समय गिरफ्तार व्यक्ति को अभिरक्षाधीन बंदियों को विधिक सहायता योजना 2003 के तहत निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराते हुए प्राधिकरण के अधिवक्ता द्वारा रिमाण्ड का विरोध के लिए जमानत आवेदन पेश किया जाता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राहुल कुमार ने बंदियों को उनके अधिकारों के बारे में बताते हुए जमानत, पैरोल, अभिवाक चर्चा (प्लीबार्गेनिंग) का लाभ उठाने हेतु उन्हें प्रेरित किया गया। साथ ही विधिक सेवा प्राधिकरण कबीरधाम के द्वारा विधिक सहायता एवं सलाह योजना का लाभ उठाने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया गया जिसमें उन्हें अपने सिविल एवं क्रिमिनल मुकदमों के लिए प्राधिकरण से निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त करने की पात्रता, जेल बंदियों को होने की बात कही।

### शहर में उपद्रव कर शांति व्यवस्था भंग करने वाले 9 गिरफ्तार




**कवर्धा।** लोकसभा चुनाव में प्रभावशील आदर्श आचार संहिता के दौरान शहर के अलग-अलग जगहों में उपद्रव कर शांति व्यवस्था भंग करने वाले 9 लोगों के खिलाफ कवर्धा कोतवाली पुलिस ने कार्यवाही की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल, उप पुलिस अधीक्षक (अजाक-काईम) प्रतीक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा शहर में शांति व्यवस्था बाधित करने वाले एवं उपद्रवी आदतन बदमाश और अपराधिक प्रवृत्ति के शहर के अलग-अलग जगहो पर समाज के लोगो को भयाक्रांत करने एवं डराने थमकाने आपसी रंजिशवश गुटबाजी कर लड़ाई झगड़ा करने वाले आरोपी सोनू देवार उर्फ नेताम, मोनू मरावी उर्फ देवार, इसराफिल खान, जीवन मिर्जा, विकास कुरें, नानू सारथी, परमेश्वर धुर्वे, शाहरूख अली तथा मो. सरफरोज के विरूद्ध शहर में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु धारा 151 जाफौ के तहत कार्यवाही कर एसडीएम न्यायालय कवर्धा पेश किया गया जिसे न्यायालय द्वारा जेल भेजा गया है। पुलिस प्रशासन ने चेतावनी दी है कि भविष्य में पूरे जिले में किसी भी प्रकार की वारदात एवं शांति व्यवस्था बाथित करने में शामिल होने वाले अपराधिक तत्वो के विरूद्ध कवर्धा पुलिस द्वारा कड़ी से कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्थान से पहुंचे फिजियोथेरेपिस्ट, जरुरतमंद मरीजों को दिया जा रहा निःशुल्क उपचार**

## पंडरिया में आठ दिवसीय फिजियोथेरेपी शिविर प्रारम्भ

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया



वर्तमान में भाग-दौड़ भरी जिंदगी में लोगों को स्पाइन (रीड़ की हड्डी) और जोड़ो के दर्द एवं शरीर के अन्य हड्डियों के रोग अपने चपेट में ले रहे है। इन रोगों का समय पर उपचार नही होने से ये गम्भीर रूप ले लेते है, लोगों को इन बीमारियों से निजात दिलाने के लिए पंडरिया की पार्षद पदमनी संजू तिवारी ने विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जीपी बनर्जी के जन्मदिन 1 मई से 8 मई तक आठ दिवसीय निःशुल्क फिजियोथेरेपी शिविर का आयोजन नगर के वार्ड क्रमांक 15 पर स्थित श्री महामाया सर्व समाज सामुदायिक भवन पर किया जा रहा है। शिविर में मरीजों का इलाज 1 मई बुधवार से जोधपुर से आए फिजियोथेरेपिस्ट डॉङ एआर चौधरी एवं उनकी टीम के द्वारा किया जा रहा है। पहले दिन शिविर में लगभग 50 से अधिक लोग पहुंचे। शिविर में ब्लड प्रेशर, कमर दर्द, हाथ एवं पैरों का शून्य रहना, साइटिका दर्द और जोड़ो के दर्द, थायराइड और माइग्रेन का इलाज किया गया। शिविर का उद्घाटन जीपी बनर्जी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, रामसनेही श्रीवास सेवा निवृत्त शिक्षक एवं दीपक ठाकुर शिक्षक द्वारा वार्ड पार्षद पदमनी संजू तिवारी एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में किया गया। इस मौके पर पार्षद पदमनी संजू तिवारी ने बताया कि पंडरिया के वार्ड क्रमांक 15 में इस प्रकार का शिविर दूसरी बार आयोजित किया जा रहा है। जिसका लाभ पंडरिया एवं क्षेत्र के लोगो को बड़े पैमाने पर मिलेगा। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व वर्ष 2022 में यह शिविर आयोजित किया गया था जिसमे सैकड़ो की तादाद में लोगों ने शिविर स्थल में पहुंचकर अपना इलाज कराया था। उन्होने 8 मई तक आयोजित इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर को लाभ उठाने लोगों से अपील की है।

## वनमंडलाधिकारी ने की अग्नि सुरक्षा की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले में इन दिनो भीषण गर्मी पड़ रही है। जिसके चलते जंगलों में आगजनी की घटनाएं बढ़ गई हैं। बीते एक सप्ताह में कवर्धा वन मंडल के जंगलों में 15 बार अग्नि दुर्घटना सामने आई है। वन कर्मचारी एवं अधिकारियों की तत्परता एवं फॉरेस्ट फायर अलर्ट सिस्टम की मदद से आग को समय रहते बुझा लिया गया एवं जंगल को अधिक क्षति नहीं हो पाई। वन विभाग के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रत्येक परिसर में अग्नि प्रहरी रखा गया है जिनकी मदद से वनकर्मी आग बुझाने हेतु निरंतर कार्यरत हैं। विभाग के द्वारा वन मंडल स्तर से प्रत्येक उप परिक्षेत्र स्तर पर फायर ब्लोअर प्रदाय किया गया है जिस भी अग्नि को नियंत्रित करने में अभूतपूर्व सहयोग प्राप्त हो रहा है। भोरमदेव अभ्यारण अंतर्गत भीषण गर्मी से संतप्त वन्य प्राणियों की प्यास बुझाने हेतु टैंकर के माध्यम से सौसर पीटो में जल भरा जा रहा है साथ ही सभी परिसर रक्षकों को स्टील के थरमस भी पेयजल हेतु उपलब्ध कराए गए हैं। माह मई में 01 से 08 मई तक गर्मी और भी अधिक बढने की संभावना है जिससे की अग्नि प्रकरणों में भी वृद्धि होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।